श्रावण शुक्ल पक्ष अष्टमी, संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 29 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
01 अगस्त 2025 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
26 अधिकतम
23 न्यूनतम



Page-7

# राहत का छोटा दौर, आगे सामान्य से 6 फीसद ज्यादा बारिश और..!.

**नई दिल्ली भोपाल/दोपहर मेट्रो**

जुलाई का महीना बीत गया है और अब जुलाई में बारिश के 'जुल्मोसितम' का भी लेखाजोखा तैयार हो रहा है। दरअसल जुलाई महीना ऐसा रहा,जब पूरे देश में ही जोरदार बारिश हुई और बाढ, लैंडस्लाइड, दुर्घटना आदि की स्थितियां बनीं। हालांकि हरियाली और बांधों नदियों में जलसंग्रह भी खूब बढा है। मौसम विभाग का कहना है कि अगस्त-सितंबर में देश के ज्यादातर राज्यों में सामान्य से करीब 6 फीसद ज्यादा बारिश होने के आसार हैं।



गुरुग्राम



मंडी (शिमला)

खास बात यह है कि रेतीले राजस्थान में जुलाई में ही 285 मिमी बादल बरस गये। जो पिछले 69 साल में सबसे ज्यादा है। इधर मप्र के ग्वालियर सहित 10 जिलों में बारिश का कोटा जुलाई में ही फुल हो गया। जबकि गुना, शिवपुरी समेत कई जिलों में बारिश तो मामूली रह गई है लेकिन बाढ़ के हालात हैं। गुना में अब तक 150 लोगों को बचाया गया है,दो लोगों की मौत हो गई है। मध्यप्रदेश में इस मानसूनी सीजन में औसत 28 इंच बारिश हो चुकी है, जो ओवरऑल 59 फीसद ज्यादा है। जुलाई में मप्र में 12 इंच के मुकाबले 21 इंच पानी गिरा है। लेकिन राहत यह कि करीब एक सप्ताह कहीं भी भारी बारिश की संभावना नहीं है।

उधर हिमाचल प्रदेश के मंडी में चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड से हाईवे बंद हो गया है। आज मौसम विभाग ने असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा उत्तराखंड, राजस्थान, मध्यप्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, झारखंड, छत्तीसगढ़ सहित 21 राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# भाजपा का नया अध्यक्ष-क्या छुपे रुस्तम साबित होंगे डॉ. रमन सिंह

**दोपहर मेट्रो ,भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की तलाश अगस्त के पहले पखवाड़े में ही समाप्त हो सकती है। नए अध्यक्ष को लेकर वैसे तो लम्बे समय से कई नाम चल रहे हैं, लेकिन हाल ही में एक नाम ऐसा भी तेजी से उभरा है, जो पार्टी के भीतर और बाहर बहुत से लोगों को चौंका सकता है। यह नाम है तीन बार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहे और वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का। जब उन्हें विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया था तब उनकी राजनीतिक पारी पर विराम कि अटकलें लगाएं गईं थीं,लेकिन अब वे नई ताकत के साथ उभरते दिखाई दे रहे हैं। डॉ रमन सिंह के पक्ष कई ऐसी बातें हैं जो उन्हें भाजपा और संघ के लिए स्वीकार्य बनाती हैं।



छत्तीसगढ़ में पंद्रह साल की सरकार जाने के बाद से अब तक यही माना जाता रहा है की रमन सिंह लो प्रोफाइल रहकर नेपथ्य में चले गए हैं लेकिन दरअसल ऐसा है नहीं। इसे समझने के लिए उन चर्चाओं पर गौर करना होगा जिनमें पूछा जाता है कि वहां सरकार कौन चला रहा है ? जानकारों का कहना है कि छत्तीसगढ़ के वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एक आदिवासी चेहरा मात्र हैं जबकि परदे के पीछे से सरकार रमन सिंह ही चला रहे हैं। सर्वविदित तथ्य है कि उनके मुख्यमंत्री रहते हुए सुपर चीफ मिनिस्टर की भूमिका में उनके सबसे विश्वस्त अफसर अमन सिंह थे। वही अमन सिंह अब अडानी औद्योगिक समूह में अहम् भूमिका निभा रहे हैं और प्रदेश सरकार के कामकाज में भी पूरा दखल रखते हैं। अमन सिंह फैक्टर से गौतम अडानी भी फिलहाल रमन सिंह के समर्थक बताए जाते हैं।

फिलहाल पार्टी अध्यक्ष की रेस में जो चेहरे हैं उनको लेकर स्वीकार्यता कि स्थिति का आकलन पिछले महीनों में लगातार होता रहा है। लेकिन पार्टी में अंदरखाने कि खबर रखने वाले सूत्र बताते हैं कि रमन सिंह वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा के विश्वस्त हैं और उनकी सहमति से ही वे प्रदेश सरकार चलाने में भूमिका निभा रहे हैं। और उनकी निर्विवाद छवि उनकी उम्मीदवारी मजबूत करती है। कहा जा रहा कि इस नाम को लेकर संघ से सहमति लेने को कोशिश भी शुरू हो गई है। अध्यक्ष के चयन में अब तक हुई देरी कि वजह का एंगल भी महत्वपूर्ण है। माना जाता है कि अब तक ऐसे चेहरे की तलाश होती रही है जो संघ को भी मंजूर हो, साथ ही वर्तमान सत्ता के साथ पूरी तरह सामंजस्य बिठा सके ।

सरकार हर हाल में अपने लिए अध्यक्ष के रूप में यसमैन ही चाहेगी। ऐसे में रमन सिंह के रूप में यह तलाश पूरी हो सकती है।

## उपराष्ट्रपति के लिए वसुंधरा की अटकलें

राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया की आज सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद अटकलें तेज हो गईं। इसे नए उपराष्ट्रपति के चयन से जोड़कर भी देखा जा रहा है। निवर्तमान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राजस्थान से ही आते थे और राजनीतिक काट के रूप में वसुंधरा का नाम आ सकता है, या फिर उनके द्वारा सुझाया गया कोई अन्य नाम। गौरतलब है कि धनखड़ के भाई कुलदीप धनखड़ के दामाद पूर्व सांसद राहुल बसावा पहले वसुंधरा के करीबी रहे हैं, लेकिन बाद में सीएम के चयन को लेकर दोनों के बीच खटास आ गई थी। उपराष्ट्रपति के लिए नामांकन 9 अगस्त को होना है।

## मुलायम की कोठी खाली करने का आदेश



**मुरादाबाद।** जिला प्रशासन ने समाजवादी पार्टी को दी गई सरकारी कोठी का आवंटन रद्द कर दिया है। यह कोठी वर्ष 1994 में तत्कालीन मुख्यमंत्री और सपा संस्थापक मुलायम सिंह के नाम पर महज 250 रुपये प्रतिमाह किराए पर आवंटित की गई थी। अब जिला प्रशासन ने समाजवादी पार्टी की स्थानीय इकाई को 30 दिनों के भीतर यह कोठी खाली करने का आदेश दिया है।

## अनिल अंबानी को पूछताछ के लिए ईडी ने तलब किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन और एमडी अनिल अंबानी को कथित 17 हजार करोड़ के लोन फ्रॉड केस की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए तलब किया है। वहीं ईडी ने 68 करोड़ रुपये की फर्जी बैंक गारंटी मामले में जांच तेज करते हुए आज ओडिशा और कोलकाता में छापेमारी की। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि उन्हें 5 अगस्त को नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। इससे पहले केंद्रीय एजेंसी ने रिलायंस ग्रुप से जुड़ी 50 व्यावसायिक संस्थाओं और 25 व्यक्तियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। ये छापे मुंबई में कम से कम 35 जगहों पर मारे गए थे।



## अहमदाबाद प्लेन क्रैश जांच में ह्यूमन फैक्टर स्पेशलिस्ट्स भी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन क्रेश मामले में जारी जांच में अब ह्यूमन फैक्टर स्पेशलिस्ट्स को भी शामिल किया गया है। ये दुर्घटनाओं और अन्य सुरक्षा संबंधी घटनाओं के कारणों का एनालिसिस करते हैं और उन्हें रोकने के लिए डिजाइन में बदलाव का सुझाव देते हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि जांच में सभी पहलुओं को देखा जा रहा है। यह फैसला इसलिए अहम है क्योंकि अमेरिकी मीडिया हाउस, वॉल स्ट्रीट जनरल ने 17 जुलाई को पब्लिश रिपोर्ट में आशंका जताई थी कि विमान के पायलट कैप्टन सुमीत सभरवाल ने दोनों इंजनों में फ्यूल सप्लाई रोकी थी।



### मध्यप्रदेश विस का मानसून सत्र

# खाद की जगह किसानों को नैनो यूरिया दिया, कांग्रेस का प्रदर्शन

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

आज मप्र विस में मानसून सत्र के पांचवे दिन भी कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस विधायकों ने खाद संकट को लेकर प्रदर्शन किया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों को खाद की जगह नैनो यूरिया थमा रही है। हालांकि इस पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा खाद का किसी भी तरह का संकट नहीं है।

आज सप्ताह के आखिरी कार्यदिवस पर सदन में कई मामलों पर चर्चा भी है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार प्रदेश में 108 एम्बुलेंस सेवा में गड़बड़ी का मामला ध्यानाकर्षण के जरिये उठा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि एम्बुलेंस का संचालन करने वाली कंपनी जरूरतमंद मरीजों, गर्भवती महिलाओं और घायलों को समय पर सुविधा नहीं दी जा रही है। इसके अलावा भाजपा विधायक भूपेन्द्र सिंह मालथौन में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे, बदनावर से कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत भोज (मुक्त) विवि के कुलसचिव पद पर नियुक्ति संबंधी ध्यानाकर्षण दिया है।




## शाह पर सदन में हंगामा, कार्रवाई स्थगित

सदन में पक्ष विपक्ष के बीच मंत्री विजय शाह को लेकर हंगामा भी हुआ। इसके चलते विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 10 मिनट स्थगित कर दी। बाद में शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर विस परिसर में विपक्ष ने नारेबाजी की। शाह के सदन में पहुंचने पर फूलसिंह बरैया ने कहा कि सेना का अपमान करने वाले मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। ।

### अब 7 अगस्त नई डेडलाइन

# ट्रंप का यू-टर्न, भारत पर 25% टैरिफ फिर टाला

**वाशिंगटन एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर यू टर्न लिया है और आज से भारत पर लागू किये जाने वाले 25 फीसदी टैरिफ को एक सप्ताह के लिए टाल दिया है। अमेरिका की ओर से जारी नए निर्देश में अब ये टैरिफ 7 दिन बाद भारत समेत बांग्लादेश, ब्राजील और अन्य देशों पर लगाया जाएगा,यानि यह 7 अगस्त से प्रभावी होगा। इससे पहले ट्रंप ने भारत समेत कई देशों पर टैरिफ का ऐलान करते हुए दुनिया में हलचल मचा दी थी।



उन्होंने कहा था कि व्यापार बाधा को दूर करने के लिए टैरिफ लगाया जा रहा है। इसके अलावा रूस से तेल और डिफेंस प्रोडक्ट्स खरीदने के कारण भारत पर जुर्माने का भी ऐलान किया गया था।

दूसरी तरफ भारत ने बिना कोई जवाबी कार्रवाई के सीधे शब्दों में कहा था कि देशहित में हरसंभव कार्रवाई की जाएगी। भारत नेगोशिएशन टेबल पर अमेरिका के टैरिफ का जवाब देगा। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी कहा था कि बात 10 से 15 फीसदी टैरिफ को लेकर हुई है। माना जाता है कि अमेरिका चाहता है कि भारत अपने एग्रीकल्चर और डेयरी सेक्टर्स से समझौता करके डील करे मगर भारत किसी भी सूरत में कृषि और डेयरी सेक्टर्स को अमेरिका के लिए नहीं खोलना चाहता।




साभार

**मेट्रो एंकर**

### रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़े नियमों में फिर अहम बदलाव

# पहली तारीख: कमर्शियल सिलेंडर सस्ता, बैलेंस चैक करने की लिमिट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आज नए महीने अगस्त की पहली तारीख को फिर रोजमर्रा की जिंदगी से जुडे कुछ नियमों में बदलाव प्रभावी किये गये हैं। इसके तहत आज से 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर करीब 34 रू तक सस्ता हो गया है। हालांकि पेट्रोल व डीजल के दामों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। जबकि कॉमर्शियल प्लेन में इस्तेमाल होने वाले एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमत 2677.88 रुपए तक बढ़ गई है। इससे हवाई सफर महंगा हो सकता है। यूपीआई एप्स पर बैलेंस चेक करने की लिमिट 50 हो गई है। यानी लोग दिनभर में मैक्सिमम 50 बार अपना अकाउंट बैलेंस चेक कर पाएंगे।




इसके अलावा ऑटो-पे (जैसे EMI, सब्सक्रिप्शन या बिल पेमेंट) अब दिन में किसी भी समय नहीं, बल्कि तय समय स्लॉट्स में होंगे। ये पेमेंट सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे और शाम 5 बजे से रात 9.30 बजे के बीच में प्रोसेस नहीं होंगे। अगर कोई पेमेंट अटक जाता है तो लोग उसका स्टेटस सिर्फ तीन बार चेक कर सकते हैं, वो भी हर बार 90 सेकेंड के गैप के साथ। इसी तरह बैंकों को चार्जबैक क्लेम रिजेक्ट होने पर एनपीसीआई से दोबारा अनुमति लेने की जरूरत नहीं होगी, इससे विवाद समाधान तेज होगा। उधर एसबीआई ने 11 अगस्त से कुछ को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड्स पर मिलने वाले फ्री एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस बंद करने का फैसला किया है। अभी तक ये कवर 50 लाख से 1 करोड़ रुपए तक मिलता था। यह बीमा पहले यूको बैंक, सेंट्रल बैंक, करूर वैश्य बैंक और इलाहाबाद बैंक के साथ पार्टनरशिप में दिया जाता था।

## इस महीने 14 दिन बैंक बंद

अगस्त के महीने में बैंकों में करीब आधे महीने के अवकाश भी हैं। हालांकि यह अलग-अलग राज्यों व शहरों में होंगे लेकिन कुल 14 दिन बैंक बंद रहेंगे। इनमें 5 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार को मिलाकर 7 दिन छुट्टी रहेगी तो अन्य सात दिन अलग-अलग जगहों पर बैंकों में कामकाज नहीं होगा। 15 से 17 अगस्त तक देश के ज्यादातर जगहों पर लगातार 3 दिन बैंकों में कारोबार नहीं होगा। 15 को स्वतंत्रता दिवस, 16 को जन्माष्टमी व कृष्ण जयंती और 17 अगस्त को रविवार के चलते बैंक बंद रहेंगे। वहीं असम में 23 से 25 अगस्त तक बैंकों में कामकाज नहीं होगा। ऐसे में लोग कोई या तो अभी बैंक के काम निपटा सकते हैं या आनलाइन बैंक सेवा का लाभ ले सकेंगे।

## जोखिम में जान... कहां है प्रशासन?





**भोपाल।** राजधानी के कई झीलों तालाबों में इस वक्त बारिश से भरपूर पानी है। लोग इनके बेहद करीब जाने का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं। चित्र में कोकटा हताईखेड़ा डैम पर बारिश के पानी में खतरे के बीच मौजमस्ती व मछली पकड़ने का जुनून नजर आ रहा है। डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। इसके बावजूद कई स्थानीय लोग जान की परवाह किए बिना पानी में उतरकर मछली पकड़ रहे हैं। यह स्थिति न केवल खतरनाक है, बल्कि किसी बड़े हादसे को भी न्योता दे सकती है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह सब प्रशासन की आंखों के सामने हो रहा है, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। यहां न तो सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हैं और न ही लोगों को रोकने के लिए कोई चेतावनी बोर्ड या निगरानी व्यवस्था।

### राजधानी के तालाबों-बांधों की रंगत बदली

# बारिश थमी, लेकिन बड़े तालाब में बढ़ रहा है पानी

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

राजधानी की लाइफ लाइन यानी बड़ा तालाब अब सिर्फ लगभग सवा दो फीट खाली है। इसका जलस्तर 1664.50 फीट तक पहुंच गया है। इसमें बीते छह दिन में करीब सवा चार फीट पानी जमा हुआ। वहीं इस तालाब की मुख्य स्त्रोत कोलांस नदी 3 फीट ऊपर बही। केरवा और कलियासोत डैम में भी पानी का लेवल बढ़ा है। गौरतलब है कि जब सीहोर जिले में तेज बारिश होती है तब ही कोलांस नदी उफान पर आती है। यह पानी सीधे बड़ा तालाब में पहुंचता है। हालांकि, भोपाल और सीहोर में अब तेज बारिश का दो दिन से थमा हुआ है। लेकिन कोलांस नदी के अपने लेवल से ऊपर बहने से बडे तालाब में कल भी पानी बढता रहा।

गौरतलब है कि बड़ा तालाब को शहर की लाइफ लाइन कहा जाता है। इसकी वजह यह वॉटर लेवल तो बेहतर रखता ही है। साथ में बड़ी आबादी की प्यास भी बुझाता है। बड़ा तालाब से हर दिन पुराने शहर समेत बैरागढ़ (संत हिरदाराम नगर) समेत आसपास के इलाकों की 3 लाख से ज्यादा आबादी को पानी की सप्लाई की जाती है। एक समय बडा तालाब आधे शहर की प्यास बुझाता था लेकिन शहर के विस्तार और नर्मदा जल भोपाल आने के बाद इस पर निर्भरता भी कम हुई है। अब यह शहर के करीब बीस फीसद इलाकों में पानी पहुंचाता है। बड़ा तालाब से हर रोज 25 मिलियन गेलन पानी सप्लाई होता है। इसकी कुल जलभराव क्षमता 1666.80 फीट है।





### डैमों में भी बढ़ा है पानी

- **केरवा डैम** : कुल 1673 फीट क्षमता वाले केरवा डैम में अब तक लगभग 1663.20 फीट पानी आ चुका है। तेज बारिश होने के बाद डैम में पानी का लेवल बढ़ जाएगा।
- **कलियासोत डैम** : इस डैम का अभी वॉटर लेवल 1649.93 फीट है। इसकी कुल जलभराव क्षमता 1659.02 फीट है। इसके चलते डैम अभी भी करीब 9 फीट खाली है। बड़ा तालाब के गेट खुलने पर कलियासोत डैम में पानी आएगा और गेट खुल जाएंगे।
- **कोलार डैम**: इस विशाल डैम का वॉटर लेवल 1516.40 फीट है। अभी इसमें 1497.83 फीट पानी जमा है। इस हिसाब से यह काफी खाली माना जा रहा है। कोलार डैम से ही भोपाल शहर के 40 प्रतिशत हिस्से में पानी की सप्लाई की जाती है। पिछली बार जुलाई में इसके गेट खोलने पड़े थे।

### लोकसभा में गूंजा तालाब का मामला

बड़े तालाब व भोज वेटलैंड, के संरक्षण का मुद्दा दो दिन पहले ही लोकसभा में उठा है। स्थानीय सांसद आलोक शर्मा ने इस पर चर्चा



करते हुए कहा कि भोज वेटलैंड के कैचमेंट में अतिक्रमण और प्रदूषण बढ़ रहा है। इसके संरक्षण पर केंद्र सरकार को ध्यान देना चाहिए। अन्यथा, एक हजार साल पुरानी राजा भोज की यह विरासत और रामसर साइट खतरे में पड़ जाएगी। शर्मा ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से बड़े तालाब के संरक्षण के लिए योजना बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि राजा भोज ने 365 जल स्त्रोतों को जोड़कर इस ऐतिहासिक तालाब का निर्माण किया था। यह 3869 हेक्टेयर में फैला है। इसका कैचमेंट 361 वर्ग किलोमीटर में विस्तृत है। इस तालाब में 223 किस्म के जलीय पौधे पाए जाते हैं, जिनमें से 123 दुर्लभ हैं। यह तालाब औषधीय पौधों और विभिन्न प्रजातियों के प्रवासी पक्षियों का आश्रय भी है।

### सड़कों पर सुरक्षा के लिये नए जतन

## बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं, वाहन चालकों के लिए नया नियम

**भोपाल दोपहर मेट्रो**




शहर में आज से दोपहिया वाहन चालकों के लिये नई सख्ती शुरू हो गई है। अब बगैर हेलमेट पहने वे किसी भी पेट्रोल पंप या सीएनजी पंप से पेट्रोल अथवा सीएनजी नहीं भरवा सकेंगे। इस संबंध में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कल ही आदेश जारी कर दिया था। लिहाजा आज पहले दिन कई पेट्रोल पंप बिना हेलमेट वालों को पेट्रोल नहीं दे रहे हैं। प्रशासन ने इसकी वजह सड़क सुरक्षा बताया है ताकि सड़क दुर्घटनाओं में वाहन चालकों की सुरक्षा बनी रहे। इन दुर्घटनाओं में मौत का बड़ा कारण हेलमेट नहीं पहनना है।

हालांकि यह प्रतिबंध मेडिकल संबंधी मामलों और आकस्मिक स्थिति में लागू नहीं होगा। यह प्रतिबंध अन्य किसी नियम/आदेश के प्रतिबंधों के अतिरिक्त होंगे। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा-129 में स्पष्ट प्रावधान है कि प्रत्येक दोपहिया वाहन सवारी और वाहन चालक आईएसआई मार्क हेलमेट पहनेंगे। आदेश 1 अगस्त से 29 सितंबर 2025 तक रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### कनाडा की कंपनी से समझौता

## एआई की मदद से BMHRC में मानसिक रोगों का इलाज होगा



**भोपाल दोपहर मेट्रो**

राजधानी के भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई की मदद से मानसिक रोगियों की जांच और उपचार किया जाएगा। इसके लिए एआई के क्षेत्र में काम करने वाली कनाडा की कंपनी आरेंज न्यूरोसाइंसेज़ और बीएमएचआरसी ने एक समझौता किया है।

बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक मनीषा श्रीवास्त्व और आरेंज न्यूरोसाइंसेज़ के अध्यक्ष विनय सिंह ने इस पर कल हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत बीएमएचआरसी और आरेंज न्यूरोसाइंसेज़ इन एआई टूल्स की मदद से मानसिक रोग के क्षेत्र में रिसर्च भी करेंगे। इस तरह बीएमएचआरसी मध्यप्रदेश का पहला और एकमात्र संस्थान बन गया है, जहां एआई की मदद से मनोरोगियों की जांच और उपचार होगा। मनोचिकित्सा विभाग में नैदानिक मनोवैज्ञानिक रूपेश रंजन ने बताया कि सभी कार्यों के लिए विभाग में एक अलग डिजिटल काग्निटिव थेरेपी सेंटर बनाया जा रहा है। जहां मरीजों की जांच एवं उपचार किया जाएगा। आरेंज न्यूरोसाइंसेज इस सेंटर की स्थापना में मदद करेगा और विभाग के सभी चिकित्सकों व अन्य स्टाफ को प्रशिक्षित करेगा। हालांकि इन एआई टूल्स का इस्तेमाल करने के लिए इस सेंटर के बनने का इंतजार नहीं किया जाएगा। उपलब्ध संसाधनों के साथ ही इन एआई टूल्स से मरीजों का उपचार शुरू कर दिया जाएगा।

जानकारों का कहना है कि एआई के उपयोग से उपचार की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। सटीक नतीजे मिलेंगे।मरीज को बार–बार अस्पताल नहीं आना पड़ेगा तथा मनोचिकित्सक अधिक मरीजों को परामर्श दे पाएंगे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुद भरे बोरवन पार्क रोड के गड्ढे



**हिरदाराम नगर।** बोरवन पार्क पगड़ी रस्म हॉल की ओर जाने वाली सड़क पर कई गड्ढे बन गए थे, जिससे आने-जाने वालों को काफी परेशानी हो रही थी। बार-बार शिकायत करने के बाद भी नगर निगम ने इन गड्ढों को नहीं भरा। इसे देखते हुए, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष और वार्ड 5 के पार्षद, अशोक मारण के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुद इन गड्ढों को भरने का बीड़ा उठाया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने फावड़े और तगारियों से मलबा भरकर सड़क के गड्ढों को समतल किया, ताकि लोगों को आने-जाने में दिक्कत न हो। इस दौरान, अशोक मारण ने कहा कि महापौर और विधायक की घोषणा के बावजूद भी इस सड़क की मरम्मत नहीं की गई। उन्होंने ट्रिपल इंजन की सरकार पर जनता को सुविधाएं देने में विफल रहने का आरोप लगाया। मारण ने यह भी घोषणा की कि जहां-जहां भी गड्ढे होंगे, कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें खुद भरकर जनता को राहत देंगे।

इस काम अशोक मारण के साथ महेश गुरबानी, जगदीश सांवले, अशोक गोकलानी, अनिल टेकचंदानी, नरेंद्र केवलानी जैसे कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में पौधारोपण



**हिरदाराम नगर।** भोपाल के संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में, 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत एनसीसी कैडेट्स ने एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम 1 एमपी नेवल यूनिट एनसीसी, भोपाल द्वारा शुरू किए गए बड़े पर्यावरणीय अभियान का हिस्सा है। इस कार्यक्रम में कॉलेज के कैडेट्स के साथ-साथ शिक्षकों और एनसीसी अधिकारियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए पेड़-पौधों और मानव जीवन के बीच के गहरे संबंध को समझाया। उन्होंने कहा कि सिर्फ पेड़ लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल करना और ज़्यादा से ज़्यादा पेड़ लगाना हर व्यक्ति का कर्तव्य है।

## साईं आसनलाल साहिब की 47वीं पुण्यतिथि पर धार्मिक आयोजन

**हिरदाराम नगर दोपहर मेट्रो**



ठाकुर साई आसनलाल साहिब जी की 47वीं पुण्यतिथि गुरूवार को संतनगर में श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक कार्यक्रमों के बीच मनाई गई। बी वार्ड, पुराना ठाकुर आसनलाल धर्मशाला में पूज्य बहिराणा साहिब प्रज्वलित किया गया धर्मशाला में सुबह से ही श्रद्धालुओं पहुंच गए थे।

इस अवसर पर कन्या भोज एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। बहिराणा साहिब में विशेष पूजा-अर्चना की गई, श्रद्धालुओं ने साईं आसनलाल साहिबजी को पुष्पांजलि अर्पित की।

आयोजन में भक्तों की अटूट भक्ति, समर्पण और अनुशासन देखते ही बन रहा था।

**मेट्रो एंकर**

### वाहन चलाना मुश्किल हुआ

# बारिश थमी तो सड़कों पर उड़ रही धूल बनी नई मुसीबत

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

शहर में हुई झमाझम बारिश से पैदा हुई कई समस्याओं के बाद अब जब बारिश तभी तो एक और बड़ी समस्या सामने आ रही है। शहर की कई मुख्य और अंदरूनी सड़कों की परते उखड़ गईं हैं। इन उखड़ी सड़कों से अब धूल और मिट्टी उड़ रही है, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास के दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सबसे अधिक दिक्कत उन इलाकों में देखी जा रही है जहां सड़कों की मरम्मत लंबे समय से नहीं हुई है। तेज़ धूप में सड़क से उड़ती धूल से आँखों में जलन, एलर्जी,सांस लेने में तकलीफ और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। दोपहिया वाहन चालकों को खासतौर पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि धूल के कारण दृश्यता (विजिबिलिटी) कम हो रही है। लोगों का कहना है कि बारिश से पहले सड़कें ही खराब थीं, लेकिन बारिश के बाद अब हालात और बदतर हो गए हैं। बावजूद इसके, प्रशासन की ओर से अभी तक किसी तरह की मरम्मत या पानी के निकासी और सफाई की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है।





### प्रभावित क्षेत्र

छोला रोड, टीला जमालपुरा, अरेरा कॉलोनी के भीतरी रास्ते, बैरागढ़ रोड, बरखेड़ा पठानी सहित नए भोपाल में गुलमोहर,शिवाजी नगर और लिंक रोड के भी कई हिस्सों पर धूल उड़ रही है। राजधानी की सड़कों के लिए नगर निगम और पीडब्ल्यूडी विभाग की जिम्मेदारी है। पिछले वर्ष भी बारिश के मौसम में यही स्थिति बनी थी। जल्द सड़कों की मरम्मत करवाने और नियमित पानी का छिड़काव कराने की मांग बढ़ रही है। ताकि उड़ती धूल से राहत मिल सके।

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री से सीएम ने की मुलाकात





भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह सहित अनेक केंद्रीय मंत्रियों से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया और मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था और दुग्ध-सहकारिता गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय वित्त मंत्री मती निर्मला सीतारमण से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट कर प्रदेश में ऊर्जा, नगरीय विकास क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी।

### सीएम ने ग्लोबल आउटरीच समिट में उद्योगपतियों से की बात

# बदलाव नवाचार से आता है, संवाद की कमी से अवरुद्ध हो जाता है विकास

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**मुख्यमंत्री. मोहन यादव ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में बीएलएस ग्लोबल आउटरीच समिट में उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि सकारात्मक बदलाव केवल योजनाओं से नहीं आता, बल्कि दृढ़ संकल्प और नवाचार से आता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश वैश्विक मंच पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। सीएम ने कहा इस समिट के जरिए उत्पादकों और खरीदारों को एक ही स्थान पर लाकर अभिनव पहल की गई है। नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के बीच संवाद की कमी से विकास अवरुद्ध होता है। इसलिए संवाद लगातार होना चाहिए।**

डिजिटल इजेशन, नवाचार और व्यापार सुगमता के लिए उठाए गए कदमों से भारत अब निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। केंद्र ने व्यवसाय में बाधक रहे 42 अप्रासंगिक कानूनों को समाप्त कर निवेशकों को राहत दी है। मप्र सरकार ने भी औद्योगिक प्रक्रियाओं में लगने वाली मंजूरियां घटाकर 10 कर दी हैं। हम मानते हैं जो आवश्यक नहीं है, वह बाधा है। इसलिए उसे हटाना चाहिए।



### ईज ऑफ डूइंग के अंतर्गत 42 कानून खत्म

यादव ने कहा कि सरकार ने ईज ऑफ डूइंग के अंतर्गत 42 कानूनों को खत्म किया है, जो व्यापार में बाधा बनते थे। राज्य सरकार ने उद्योग शुरू करने के लिए जरूरी 29 अनुमतियों को भी कम करके 10 तक सीमित कर दिया है। प्रदेश में उद्योगपतियों को बिजली, पानी, जमीन सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्रमिकों के वेतन के लिए भी सहायता प्रदान की जा रही है। मेक इन इंडिया से प्रेरणा लेकर मध्यप्रदेश आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज हमें प्रतिकूलता से आगे बढ़कर अनुकूलता की ओर बढ़ने की जरूरत है। राज्य सरकार ने डेढ़ साल के कार्यकाल में औद्योगीकरण का वातावरण तैयार किया है। सरकार खनन, पर्यटन, कृषि सहित सभी क्षेत्रों में नवाचारों के साथ आगे बढ़ रही है।

### मेट्रो और टेक्सटाइल पार्क का उद्घाटन करेंगे मोदी

मुख्यमंत्री यादव ने गुरुवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर उन्हें भोपाल मेट्रो और धार में पीएम मित्रा पार्क के उद्घाटन का निमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री ने दोनों कार्यक्रमों में आने की सैद्धांतिक स्वीकृति मुख्यमंत्री को दी है। हालांकि, अभी तारीख तय नहीं की गई है। मोहन यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी दिल्ली में सौजन्य मुलाकात की।

### विद्यार्थी 3 अगस्त तक कर सकेंगे ऑनलाइन पंजीयन

# पीजी की सीटों पर प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण के आवेदन शुरू

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 के लिए महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण के लिए समय सारणी जारी की है। जारी समय सारणी के अनुसार, सत्र 2025-26 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेजर माइनर विषयों में और मेजर एवं माइनर विषय के अतिरिक्त अन्य विषय में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी, 31 जुलाई से 3 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 31 जुलाई से 4 अगस्त तक होगा। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को साक्षात्कार के दिनांक, स्थान एवं समय की सूचना 5 अगस्त को दी जाएगी। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के साक्षात्कार एवं पोर्टल पर पात्रता की प्रविष्टि 6 से 7 अगस्त तक होगी।

8 को आवंटन, प्रवेश शुल्क का भुगतान 14 तक

विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में सीट का आवंटन 8 अगस्त को होगा। आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 8 से 14 अगस्त तक किया जा सकेगा। आवंटित महाविद्यालय में शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि तक प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा और प्रवेश शुल्क का भुगतान न होने की अवस्था में प्रवेश मान्य नहीं माना जाएगा। यह भी स्पष्ट किया गया है कि विद्यार्थियों के लिए प्रवेश के लिए यह अंतिम चरण होगा।



### एनसीटीई पाठ्यक्रमों के लिए दूसरा अतिरिक्त चरण शुरू

अदण उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एनसीटीई पाठ्यक्रम संचालित करने वाले शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए द्वितीय अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की। एनसीटीई पाठ्यक्रम में प्रवेश में लिए विद्यार्थी 4 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 6 अगस्त तक होगा। मेरिट सूची का प्रकाशन 7 अगस्त को होगा। विद्यार्थियों के लिए 8 अगस्त को सीट आवंटन जारी किया जाएगा। आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों, टीसी माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यापन के लिए विद्यार्थियों को उपस्थित होकर 8 से 13 अगस्त तक लिंक इनिशिएट कराना होगा।प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा।

### परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 10,727

# 57 केन्द्रों पर 3 अगस्त को सुपर-100 परीक्षा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सुपर-100 योजना में इस वर्ष परीक्षा का आयोजन 3 अगस्त को किया जा रहा है। परीक्षा जिला स्तर पर बनाये गये विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर होगी। रविवार को प्रथम पारी में सुबह 10:30 बजे से दोपहर एक बजे तक कक्षा-11वीं में जेईई की तैयारी के लिये एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2:30 से शाम 5 बजे तक कक्षा-11वीं में नीट की तैयारी के लिये प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा के लिये जिला स्तर पर 57 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 10 हजार 727 है। परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार आश्रम इंदौर में प्रवेश दिया जायेगा। सुपर-100 परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं।

### 4 अगस्त को करेंगे अपना कार्यभार ग्रहण

# एम्स में आईपीएस अफसर की आमद, केंद्र का नया संदेश

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**राजधानी स्थित एम्स में अब पहली बार आईपीएस आफिसर की भूमिका शामिल की गई है। नक्सल ऑपरेशन, एटीएस और पुलिस रेडियो विंग जैसे संवेदनशील महकमों में सेवाएं दे चुके वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी संदेश कुमार जैन अब एम्स भोपाल के नए डिप्टी डायरेक्टर (प्रशासन) के पद पर तैनात किया गया है। वे 4 अगस्त को अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अधीनस्थ संस्था पीएमएसएसवाई द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जैन को तीन साल की प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया गया है। अभी वे भोपाल में पुलिस अधीक्षक (रेडियो) के रूप में पदस्थ हैं।**



बताया जाता हैकि जैन तकनीकी रूप से भी दक्ष हैं। उन्होंने मैनिट भोपाल से बीटेक और इसके बाद इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। तकनीकी और प्रशासनिक अनुभव का यह संयोजन एम्स में आजमाया जा रहा है। जैन की नियुक्ति के बाद एम्स भोपाल के डिप्टी डायरेक्टर पद के लिए 100 से अधिक दावेदार पीछे रह गये हैं। ज्यादातर आवेदन रिटायर्ड आर्मी अफसरों सहित विभिन्न प्रशासकीय पृष्ठ भूमियों से थे। सभी आवेदकों का इंटरव्यू नई दिल्ली में हुआ, जिसमें संदेश कुमार जैन ने सबसे उपयुक्त उम्मीदवार के रूप में चयन हासिल किया।

## आईआईटी की तर्ज पर एमपी आईटी की स्थापना पर जोर

**भोपाल।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने आईआईटी की तर्ज पर एमपीआईटी की स्थापना के सम्बन्ध में व्यापक चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंत्री परमार ने अनुदान प्राप्त संस्थानों के समय पर ऑडिट किए जाने के निर्देश दिए डढठ। कोडिंग लैब्स, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, डिजिटल यूनिवर्सिटी एवं राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। भर्तियां, पदपूर्ति एवं पदोन्नति के सम्बन्ध में भी विमर्श हुआ।

### हिंदी विवि में कुलगुरु का चार्ज प्रो वर्मा को

**भोपाल।** राजधानी स्थित अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय में कुलगुरु पद का कार्यभार परिवर्तन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। वर्तमान कुलगुरु प्रोफेसर खेम सिंह डेहरिया ने अपने कार्यकाल की समाप्ति पर कुलगुरु का चार्ज प्रोफेसर राजीव वर्मा को सौंप दिया है। प्रोफेसर वर्मा को यह कार्यभार अंतरिम रूप से सौंपा गया है, जब तक नव-नियुक्त कुलगुरु प्रोफेसर देव आनंद हिंडोलिया 1 अगस्त से पदभार ग्रहण नहीं कर लेते। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पूर्व में ही आदेश जारी कर दिया गया था, जिसमें प्रो. हिंडोलिया की नियुक्ति की औपचारिक पुष्टि की गई थी।






**मेट्रो एंकर**

### सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, लोगों की जान बचाने का आव्हान

# सड़क सुरक्षा मिशन की शुरूआत होगी मप्र से

भोपाल, दोहपर मेट्रो

सर्वोच्च न्यायालय सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष जस्टिस अभय मनोहर सप्रे ने सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आव्हान किया है। उन्होंने मुख्य सचिव अनुराग जैन के साथ सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक की। जस्टिस सप्रे ने बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों से आम आदमी के जीवन को सुरक्षित रखने का दायित्व निभाने की अपील भी की। उन्होंने सड़क सुरक्षा की गंभीरता के दृष्टिगत अधिकारियों को सलाह और मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने कहा कि स्वीडन में सड़क सुरक्षा को लेकर बहुत अच्छा काम हुआ है। वैसा काम हमारे देश में और मध्यप्रदेश में हम भी कर सकते हैं। सड़क दुर्घटना से प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ लाख लोगों की मृत्यु होती है। उनके जीवन को बचाने के लिए मिशन की शुरूआत मध्यप्रदेश से की है। उन्होंने बताया कि रोड सेफ्टी की मैदानी स्थिति जानने के लिए वे सड़क से ही अपनी यात्रा कर रहे है।



**तत्कालिक नीति की जा रही तैयार** | उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के लिए दीर्घकालीन एवं तात्कालिक नीति तैयार की जाकर क्रियान्वयन किया जाये। अच्छे काम करने वालों को प्रोत्साहित किया जाये तथा खराब सड़क बनाने वालों को ब्लैक लिस्ट करें। सड़कों पर इतनी सुरक्षा होनी चाहिये कि एक भी व्यक्ति की जान नहीं जाये। जस्टिस सप्रे ने अधिकारियों से कहा कि लोगों की जान बचाने की आपको जिम्मेदारी दी गयी है और इस कार्य पर सुप्रीम कोर्ट पूरे समय ध्यान दे रहा है। जस्टिस सप्रे ने कहा कि जैसे मध्यप्रदेश के इंदौर ने स्वच्छता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वैसे ही प्रदेश के शहर सड़क सुरक्षा में अपना स्थान बनायेंगे। उन्होंने उम्मीद व्यक्त की है कि प्रदेश के अधिकारी लोगों की जान बचाने के लिए अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करेंगे।

## संपादकीय

# आईटी क्षेत्र की मजबूरी या नया खतरा

भारत की सूचना प्रौद्योगिकी सेवा क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने अब ऐलान किया है कि कंपनी वैश्विक स्तर पर अपने मझोले और वरिष्ठ कर्मचारियों की संख्या में दो फीसदी की छंटनी करेगी। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां कारोबारी माहौल में बदलाव को लेकर किस प्रकार प्रतिक्रिया दे रही हैं। टीसीएस की इस घोषणा का अर्थ है कि वह अपने कुल 6 लाख कर्मचारियों में से करीब 12 हजार की छंटनी करेगी। कंपनी ने कहा कि वह स्वयं को भविष्य के लिए तैयार कर रही है। इसमें नई तकनीक के क्षेत्रों में निवेश और बड़े पैमाने पर आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल शामिल है। इनका इस्तेमाल कंपनी अपने उपभोक्ताओं के लिए भी करेगी और अपने स्तर पर भी। हालांकि विश्लेषक इस कदम की व्याख्या एआई के कारण हो रहे ढांचागत बदलाव के रूप में कर रहे हैं। यकीनन कई बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां मसलन माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम और इंटेल ने भी अपने-अपने कर्मचारियों की तादाद कम करने की योजनाओं की घोषणा की है। इस रुझान को समझने में चूक नहीं की जा सकती है कि प्रौद्योगिकी जगत तेजी से बदल रहा है और एआई को अपनाने तथा उसकी वृद्धि के साथ न केवल प्रौद्योगिकी कंपनियां बल्कि तमाम क्षेत्रों के कारोबार इसे अपना रहे हैं। हालांकि टीसीएस प्रबंधन की सराहना की जानी चाहिए कि वह भविष्य की तैयारी कर रहा है और तेजी से बदलते माहौल में प्रासंगिक बने रहने के लिए कड़े निर्णय लेने को तैयार है। अब केवल वही संगठन मूल्यवर्धन, रोजगार तैयार करने और दीर्घावधि में वृद्धि में योगदान कर पाएंगे जो तेजी से बदलते तकनीकी और कारोबारी माहौल को अपनाने के लिए तैयार हों। यह बात भी ध्यान देने लायक है कि तकनीकी चुनौतियों के अलावा वैश्विक कारोबारी माहौल भी अनुकूल नहीं है। अमेरिका द्वारा अपनाई गई नीतियों से उपजी अनिश्चितता दुनिया भर में निवेश को प्रभावित कर रही है। एआई को अपनाने से कारोबार में बहुत परिवर्तन आ रहा है और भारत जैसे देश के लिए नीतिगत चुनौतियां भी उत्पन्न हो रही हैं क्योंकि भारत को बड़े पैमाने पर रोजगार तैयार करने की आवश्यकता है। जब कारोबार ऐसे मॉडल को अपना लेंगे जो बहुत सारे काम करेगा तो इंसानों की जगह खत्म होने लगेगी। परिणामों के मामले में एआई या स्वचालन को अपनाना संतुलन को श्रम के बजाय पूंजी के पक्ष में और अधिक झुका देगा। हालांकि कई क्षेत्रों में यह पहले हो रहा है लेकिन मध्यम अवधि में इसमें बहुत अधिक इजाफा होने वाला है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि भारत जैसे देश में नीतिगत स्तर पर इसे लेकर क्या प्रतिक्रिया दी जानी चाहिए? जहां रोजगार आज भी सबसे बडा सवाल है। हालांकि सरकारी नीतियां कंपनियों को तकनीक को अपनाने से नहीं रोक सकती हैं क्योंकि उनके प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए ये आवश्यक हैं। बहरहाल, इससे इंसानी श्रम की मांग जरूर कम होगी। हालांकि इनके प्रबंधन और संचालन के लिए जरूर प्रतिभाओं की जरूरत होगी। भारत को इन क्षेत्रों में अपनी विशाल तकनीकी श्रम शक्ति को नए सिरे से निर्देशित करके शायद फायदा हो सकता है। प्रौद्योगिकी को अपनाने से विभिन्न प्रकार के कार्य भारत आ सकते हैं। बेशक ये सब केवल संभावनाएं हैं और कुछ भी तय ढंग से नहीं कहा जा सकता है। मगर तत्काल एक व्यापक नीतिगत बहस की आवश्यकता तो सामने नजर आ रही है। ताकि युवाओं या आईटी कंपनियों में दस बीस साल नौकरी कर चुके लोगों के बारे में कोई ठोस प्लान बन सके।

**जो किसी के लिए नहीं जीते, उनका जीना न जीना बराबर है।**
**- वृन्दावन लाल**

## आज का इतिहास

- 1732 - बैंक ऑफ इंग्लैंड का उद्घाटन किया गया।
- 1831 - नया लंदन ब्रिज यातायात के लिए खोला गया था।
- 1834 - ब्रिटिश साम्राज्य में गुलामी उन्मूलन अधिनियम 1833 लागू हुआ।
- 1869 - भारतीय नागरिक सेवा अधिकारी हरकोर्ट बटलर उत्तर प्रदेश के प्रथम राज्यपाल थे।
- 1883 - ग्रेट ब्रिटेन में अंतर्देशीय डाक सेवा शुरू हुई थी।
- 1916 - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एनी बेसेंट ने होम रूल लीग की शुरुआत की।
- 1920 - महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन शुरू किया।
- 1953 - क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो को गिरफ्तार किया गया।
- 1953 - देश में सभी एयरलाइंस का हवाई निगम अधिनियम के तहत राष्ट्रीयकरण किया गया।

1957 - राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (नेशनल बुक ट्रस्ट) की स्थापना की गई।

- 1960 - पाकिस्तान की राजधानी कराची से बदलकर इस्लामाबाद की गई।
- 1975 - दुर्बा बनर्जी वाणिज्यिक यात्री विमान का संचालन करने वाली विश्व की पहली पेशेवर महिला पायलट बनीं।
- 1981 - एमटीवी की शुरुआत हुई।
- 1995 - हबल दूरबीन द्वारा शनि के एक और चन्द्रमा की खोज की गई।
- 2000 - ईरान में पहली बार महिलाओं को भी मदरसों में इमाम बनाने का अधिकार दिया गया।
- 2004 - श्रीलंका ने भारत को हराकर क्रिकेट का एशिया कप जीता।
- 2007 - अंतरराष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड (आईएमओ) का आयोजन वियतनाम के हनोई शहर में हुआ था, जिसमें भारतीय टीम के 6 सदस्यों ने 3 रजत पदक जीते।
- 2021 - भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य जीता।

## निशाना

### खुद का बेड़ा गर्क !



-कृष्णेन्द्र राय

जोर लगाया ट्रंप ने ।
पड़ा न लेकिन फर्क ।।
लगता करके मानेंगे ।
खुद का बेड़ा गर्क ।।
जोर लगाया खूब पर ।
थमा नहीं बाजार ।।
मंशा है जगजाहिर ।
हो अब हाहकार ।?।
एड़ी चोटी जोर है ।
करने को बदनाम ।।
लगता है पर लेकिन ।
हो रहे नाकाम ।।
खुन्नस है जो व्यक्तिगत ।
नहीं लाया रंग ।।
है बदला मिजाज ।
और ये रंग-ढ़ंग ।।

# ट्रंप का टैरिफ, पेनल्टी हमला व पाक से तेल खरीदने की नसीहत- भारत को सटीक जवाब देने की जरूरत

**संतोष कुमार पाठक**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आखिरकार भारत पर टैरिफ और पेनल्टी अर्थात जुर्माने का हमला कर ही दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप यह भूल गए कि भारतीयों ने उनके देश के विकास में कितनी अहम और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ट्रंप ने भारत पर सिर्फ 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की ही घोषणा नहीं की है बल्कि भारत की लॉन्ग टर्म ट्रेड प्रैक्टिस और वैश्विक नीति पर सवाल उठाने की कोशिश की है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत द्वारा रूस से हथियार और तेल खरीदने का जिक्र करते हुए भारत पर पेनल्टी के रूप में अतिरिक्त जुर्माना लगाने की भी घोषणा की है। भारत का ब्रिक्स संगठन का महत्वपूर्ण देश होना भी अमेरिका को खटक रहा है।भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश और भारतीयों के महत्व को किनारे करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर बताया कि यह टैरिफ एक अगस्त से लागू होगा। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा घोषित 25 प्रतिशत टैरिफ पहले घोषित 10 प्रतिशत टैरिफ के अतिरिक्त होगा या उसी में समाहित होगा। क्योंकि ट्रंप ने इससे पहले 2 अप्रैल को भारत सहित कई देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी थी,जिसे पहले 90 दिनों तक और फिर बाद में एक अगस्त तक के लिए टाल दिया गया था। ट्रंप ने टैरिफ का यह ऐलान एकतरफा तरीके से करके अपने इरादों को जाहिर कर दिया है। जबकि टैरिफ और व्यापारिक रिश्तों पर भारत और अमेरिका के अधिकारी पिछले कई महीनों से चर्चा कर रहे हैं और छठे दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी दल के 25 अगस्त को भारत आने का कार्यक्रम पहले ही तय हो चुका है।

भारत सरकार ने ट्रंप के इस टैरिफ वॉर पर फिलहाल संतुलित प्रतिक्रिया ही दी है। भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को बयान जारी कर कहा, ÷सरकार ने द्विपक्षीय व्यापार के विषय पर अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान का संज्ञान लिया है। सरकार इसके संभावित प्रभावों का अध्ययन कर रही है। भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। हम इस उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध हैं।' भारत के बयान में आगे कहा गया है, 'सरकार भारत के किसानों, उद्यमियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME) के कल्याण और हितों को सर्वोच्च महत्व देती है। राष्ट्रहित में सरकार सभी आवश्यक कदम उठाएगी, जैसा कि हाल ही में ब्रिटेन के साथ हुए समझौते (Comprehensive Economic and Trade Agreement) सहित अन्य व्यापार समझौतों में किया गया है।' भारत की इस संतुलित प्रतिक्रिया को कूटनीतिक और वैश्विक रिश्तों के लिहाज से भले ही महत्वपूर्ण माना जा रहा हो लेकिन ट्रंप के रुख को देखते हुए भारत पर उसी भाषा में जवाब देने का दबाव भी बढ़ता ही जा रहा है। क्योंकि भारत पर टैरिफ और जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ मिलकर तेल के एक बड़े भंडार को विकसित करने की भी घोषणा कर दी है। इतना ही नहीं ट्रंप ने इशारों-इशारों में यह कहने की भी कोशिश की है कि आने वाले समय में भारत पाकिस्तान से तेल खरीद सकता है।



**भारत सरकार पर अमेरिका को उसी की भाषा में जवाब देने का दबाव बढ़ता जा रहा है। ध्यान देने वाली बात है कि, चीन सहित दुनिया के कई देशों ने डोनाल्ड ट्रंप को उन्हीं की भाषा में जब जवाब दिया तो उन्हें पीछे हटना पड़ा। अमेरिका में रह रहे जिन भारतवंशियों के वोट पर ट्रंप राष्ट्रपति बने हैं,उन दबाव समूहों का भी इस्तेमाल करने का सही वक्त आ गया है। आज भारत भी अमेरिका की घरेलू राजनीति को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। लेकिन इस जवाबी कार्रवाई के लिए भारत में राजनीतिक एकता की भी जरूरत है।**

वर्ष 2030 तक भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तक ले जाने के लिए हो रही बातचीत के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति के ये दोनों ऐलान काफी चौंकाने वाले हैं और उनके इरादों को स्पष्ट भी करते हैं। ट्रंप को यह बखूबी पता है कि व्यापारिक रिश्ते अपनी जगह है लेकिन भारत दुनिया के किसी भी अन्य देश को अपनी विदेश नीति तय करने का अधिकार नहीं दे सकता है। भारत हर हाल में अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर चलने की कोशिश करेगा और अमेरिका किसी भी हालत में भारत को यह आदेश देने में कभी भी सक्षम नहीं हो पाएगा कि हम उसके आधार पर अपनी विदेश नीति तय करें।

भारत में सरकारें बदलने के बावजूद विदेश नीति में एक प्रकार की निरंतरता ही रही है। भारत रूस जैसे भरोसेमंद देश के साथ अपनी दोस्ती अमेरिका जैसे देश के लिए तो कतई नहीं छोड़ सकता है। रूस की बजाय पाकिस्तान से तेल खरीदने की ट्रंप की नसीहत भी भारत के लिए सही नहीं है क्योंकि आतंकवाद फैलाने वाले देश पाकिस्तान पर तो भरोसा किया ही नहीं जा सकता।

ऐसे में निश्चित तौर पर , भारत सरकार पर अमेरिका को उसी की भाषा में जवाब देने का दबाव बढ़ता जा रहा है। ध्यान देने वाली बात है कि, चीन सहित दुनिया के कई देशों ने डोनाल्ड ट्रंप को उन्हीं की भाषा में जब जवाब दिया तो उन्हें पीछे हटना पड़ा। अमेरिका में रह रहे जिन भारतवंशियों के वोट पर ट्रंप राष्ट्रपति बने हैं,उन दबाव समूहों का भी इस्तेमाल करने का सही वक्त आ गया है। आज भारत भी अमेरिका की घरेलू राजनीति को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। लेकिन इस जवाबी कार्रवाई के लिए भारत में राजनीतिक एकता की भी जरूरत है।

इसलिए समय की मांग है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस समेत देश के सभी महत्वपूर्ण राजनीतिक दलों से बात कर एक साझी जवाबी रणनीति बनाए, जिस पर देश के अंदर राजनीतिक बयानबाजी कतई नहीं हो। क्योंकि अगर 143 करोड़ से भी ज्यादा आबादी वाला देश ( भारत ) एक सुर में डोनाल्ड ट्रंप को जवाब देगा तो अमेरिका से भी उनके खिलाफ आवाज उठनी शुरू हो जाएगी। भारत के हितों के साथ-साथ, भारत के मान-सम्मान और प्रतिष्ठा को बचाने के लिए यह बहुत जरूरी है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# कमजोर हो गया संयुक्त राष्ट्र संघ, विश्व शांति के लिए गंभीर नये प्रयासों की जरूरत

**एल.एस. हरदेनिया**

दुनिया में विश्व शांति के लिए अनेक प्रयास किये गये, लेकिन उन्हें सीमित सफलता ही मिली। टिकाऊ शांति लाने में वे लगभग असफल ही रहे। प्रथम विश्वयुद्ध खत्म होने के बाद अमरीका की पहल पर लीग ऑफ नेशन्स बना था। परंतु हुआ कुछ यूं कि जब अमरीकी राष्ट्रपति वुड्रो विल्सन लीग ऑफ नेशन्स की स्थापना के बाद अमरीका पहुंचे तो देश की संसद ने उनके निर्णय को उचित नहीं माना और लीग ऑफ नेशन्स में शामिल होने से इंकार कर दिया। लीग ऑफ नेशन्स की असफलता के बाद दुनिया में फिर अशांति फैल गयी।

द्वितीय विश्व युद्ध यूरोपियन प्रजातांत्रिक राष्ट्रों और जर्मनी के हिटलर के बीच हुआ। हिटलर का इरादा पूरे यूरोप पर कब्जा करने का था। जैसे एक समय नेपोलियनबोनापार्ट पूरी दुनिया पर राज करना चाहता था। जब नेपोलियन के भाई ने उनसे कहा कि चीन पर तो हमला करो तो नेपोलियन का जवाब था 'लेट द स्लीपिंगडॉग लाई'। परंतु हिटलर ने एक भी देश को नहीं छोड़ा। यूरोप के सभी देशों पर हमला किया। केवल इटली हिटलर के हमले से बचा रहा। इसका कारण यह था कि इटली के तानाशाह मुसोलिनी ने हिटलर का साथ दिया था।

द्वितीय विश्व युद्ध में हिटलर के विरोधियों का नेतृत्व सच पूछा जाये तो इंग्लैंड के प्रधानमंत्री विन्सटनचर्चिल के हाथ में था। एक समय ऐसा था कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री चेम्बरलेन के बारे में कहा जाता था कि वे हिटलर की चापलूसी कर रहे हैं। वे हिटलर से झगड़ा मोल नहीं लेना चाहते थे। इस भावना के चलते चेम्बरलेन को हटा दिया गया और ब्रिटेन का नेतृत्व विन्सटनचर्चिल के हाथ में सौंपा गया। चर्चिल ने अपने देश के लोगों में उत्साह भरा। उन्होंने अपने एक भाषण में कहा ''वी शैल फाइट ऑन द बीचेज़, वी शैल फाइट ऑन द लैंडिंग ग्राउण्ड, वी शैल फाइट इन द फील्ड एंड द स्ट्रीट्स, वी शैल फाइट इन द हिल्स, वीशेलनेवरसरेंडर''। विन्सटनचर्चिल का नेतृत्व सफल रहा और अंततः हिटलर की हार हुई। हिटलर ने पूरी दुनिया में तबाही मचा दी थी।

**यदि हिटलर सोवियत यूनियन पर हमला नहीं करता तो उसे हराना बहुत मुश्किल होता। जब नेपोलियन रूस से हार कर आया तब मीडिया ने उससे पूछा कि आपकी हार का कारण क्या है? उसका जवाब था मेजर जनरल फ्रॉस्ट। फ्रॉस्टबाईट एक बीमारी होती है जो ठंडे इलाकों में पैरों को कमजोर कर देती है और व्यक्ति अशक्त हो जाता है। रूस के नागरिकों की अपने आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता ने हिटलर को मुंह की खाने के लिए मजबूर किया। हिटलर हार गया। अब दुनिया में शांति कैसे रहे इसकी तलाश होने लगी और लंबे चिंतन के बाद यूनाईटेडनेशन्स अर्थात संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई।**




मेरी राय में यदि हिटलर सोवियत यूनियन पर हमला नहीं करता तो उसे हराना बहुत मुश्किल होता। जब नेपोलियन रूस से हार कर आया तब मीडिया ने उससे पूछा कि आपकी हार का कारण क्या है? उसका जवाब था मेजर जनरल फ्रॉस्ट। फ्रॉस्टबाईट एक बीमारी होती है जो ठंडे इलाकों में पैरों को कमजोर कर देती है और व्यक्ति अशक्त हो जाता है। रूस के नागरिकों की अपने आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता ने हिटलर को मुंह की खाने के लिए मजबूर किया। हिटलर हार गया। अब दुनिया में शांति कैसे रहे इसकी तलाश होने लगी और लंबे चिंतन के बाद यूनाईटेडनेशन्स अर्थात संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई। लीग ऑफ नेशन्स का मुख्यालय जेनेवा में था। यूनाईटेडनेशन्स का मुख्यालय अमरीका के न्यूयार्क में है। अमरीका ने यूनाईटेडनेशन्स को पूरा समर्थन दिया। उसे सफल बनाने में अपनी पूरी शक्ति लगा दी। यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र संघ का 70 प्रतिशत खर्च अमरीका करता था। कुछ दिनों तक यूनाईटेडनेशन्स ने दुनिया में शांति कायम करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की परंतु पर धीरे-धीरे संयुक्त राष्ट्र संघ कमजोर होता गया।

संयुक्त राष्ट्र संघ का ढांचा बहुत ही अच्छा था। संयुक्त राष्ट्र संघ ने सिक्युरिटीकांउसिल (सुरक्षा परिषद) का निर्माण किया। परिषद के संबंध में यह ऐलान किया गया कि वो 24 घंटे सेशन में रहेगी। दुनिया में कहीं भी यदि अशांति के लक्षण नज़र आयेंगे तो सिक्युरिटी काउंसिल अपनी बैठक कर समस्या से निपटने के लिए उपाय कर सकती है। एक और फैसला किया गया कि सिक्युरिटी काउंसिल के जो सदस्य होंगे उनमें से 5 स्थायी होंगे। ये पांच स्थायी सदस्य थे रूस, ब्रिटेन, अमरीका, फ्रांस और चीन। उस समय चीन पर चियांग काई-शेक का राज था। इसलिए चीन को सदस्य बनाया गया। कुछ दिन बाद चियांग काई-शेक का तख्ता पलट गया और बाद में कम्युनिस्ट चीन को इसका सदस्य बनाया गया।

इस समय संयुक्त राष्ट्र संघ पूरी तरह से कमजोर हो गया है। सुरक्षा परिषद अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रही है। इस समय अनेक देश अपने छोटे-छोटे हितों के लिए युद्ध पर आमादा हैं। इज़रायल ने अनेक मोर्चे खोल रखे हैं। फिलिस्तीन के लाखों नागरिक भुखमरी की कगार पर हैं। एक समय ऐसा था जब सेनाओं द्वारा स्कूलों और अस्पतालों को निशाना नहीं बनाया जाता था। इस सिद्धांत का उल्लंघन हो रहा है। यहां तक कि इज़रायल राहत सामग्री भी गाजा पट्टी तक पहुंचने नहीं दे रहा है। अमरीका का क्या रवैया है, यह समझना बहुत मुश्किल है। मगर यह अफसोसनाक है कि जिस संस्था को विश्व में शांति की स्थापना के लिए बनाया गया था वह पूरी तरह कमज़ोर नजर आ रही है।'

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

गंजबासौदा का मामला

# 8 से 10 साल पहले मरे लोगों पर केस दर्ज किया




**विदिशा।** प्रदेश में अजब-गजब मामले आते रहते हैं। विदिशा जिले से एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जिसे जानकर आप दंग रह जाएंगे। जिले के गंजबसौदा थाने में दो ऐसे लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है, जिनकी मौत 10 साल पहले हो गई है। स्थानीय लोगों को जब इसकी जानकारी मिली तो थाने में शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। फरियादियों ने एडिशनल एसपी के पास शिकायत की और कार्रवाई की मांग की है। पूरा मामला बरेठ गांव का है।

गंजबसौदा थाना क्षेत्र के बरेठ गांव में प्रजापति और गुर्जर समाज के बीच विवाद था। इसी विवाद में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। इस एफआईआर में पुलिस ने उन लोगों के नाम शामिल कर लिए, जिनकी मृत्यु 8-10 साल पहले हो चुकी है। एफआईआर में मृतकों के नाम देखकर परिवार के लोग हैरान रह गए। वहीं, ग्रामीणों ने इस बात को लेकर स्थानीय स्तर पर शिकायत की थी लेकिन सुनवाई नहीं हुई है। इसके बाद गांव के ही राजकुमार शर्मा ने जिला मुख्यालय पहुंचकर एएसपी प्रशांत चौबे से शिकायत की। उन्होंने अधिकारी को बताया कि जिन लोगों के नाम एफआईआर में हैं, उनकी मौत सालों पहले हो गई है। एएसपी ने उन्हें जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है। एएसपी प्रशांत चौबे ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 17 तारीख को बरेठ गांव में विवाद हुआ था, जिसमें कुछ नामों पर आपत्ति आई है। दो मृत व्यक्तियों के नाम एफआईआर में दर्ज होना गंभीर मामला है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जांच कर दस्तावेज प्रस्तुत करें। उचित कार्रवाई की जाएगी।





## लगातार बढ़ता जा रहा जलस्तर, प्रशासन ने निचली बस्तियों को कराया खाली

# रौद्र रूप में नर्मदा महेश्वर में घाट डूबे

**मनोज गौड़। महेश्वर**

बीते चार दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश और नर्मदा से जुड़े प्रमुख डेम – इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर, तवा एवं बरगी डेम के गेट खोले जाने के कारण नर्मदा नदी का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुँच चुका है। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार जलस्तर में अभी और वृद्धि होने की आशंका है, जिससे हालात और गंभीर हो सकते हैं।

इस अत्यधिक जलभराव के चलते महेश्वर के सभी प्रमुख पेशवा घाट, काशी घाट, अहिल्या घाट और मातंगेश्वर घाट पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं। घाटों पर स्थित मंदिरों की सीढ़ियाँ भी पानी में डूब चुकी हैं, जिससे लोगों का वहां पहुँचना असंभव हो गया है। श्रद्धालु एवं पर्यटक भी घाटों से दूरी बनाए हुए हैं। नदी का पानी अब निचली बस्तियों में भी प्रवेश करने लगा है, जिससे इन क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ऐहतियातन इन बस्तियों में मुनादी करवा कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजना शुरू कर दिया है। राहत एवं बचाव दल अलर्ट मोड पर हैं और किसी भी आपात स्थिति से निपटने की पूरी तैयारी की गई है। प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे अफवाहों से दूर रहें, प्रशासन का सहयोग करें और अनावश्यक रूप से नर्मदा नदी के किनारे न जाएं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में और बारिश की संभावना जताई है, जिससे खतरा और बढ़ सकता है।

## 10 जिलों में बारिश का कोटा पूरा, कई जिलों में अभी भी भारी बारिश की संभावना

प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश का दौर थम गया है। मौसम विभाग का कहना है कि आज से तीन दिन तक सिस्टम कमजोर रहेगा। हालांकि कई जिलों में बारिश होने की संभावना है। राज्य के 12 जिलों में पानी गिरने के आसार है। इन जिलों में 30-40 किमी घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। वहीं 4 से 6 अगस्त तक एक बार फिर बारिश का स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव होगा। प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में एवरेज 28 इंच बारिश हो चुकी है, जो ओवरऑल 59 प्रतिशत ज्यादा है। ग्वालियर समेत 10 जिलों में बारिश का कोटा पूरा हो चुका है। बीते सप्ताह में जबलपुर, सागर, रीवा-शहडोल के नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई। दूसरी ओर, इंदौर-उज्जैन संभाग में कम बारिश दर्ज की गई। इंदौर और बुरहानपुर में सबसे कम बारिश हुई है। अगले एक सप्ताह में भारी बारिश होने की संभावना नहीं है।



## अतिवर्षा से प्रभावित इलाकों में शुरू हुआ सर्वे

**गुना।** नगर में हाल ही में हुई भारी बारिश से कई क्षेत्रों को नुकसान हुआ है। इस आपदा के प्रभाव को कम करने और प्रभावित नागरिकों को शीघ्र सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर सर्वे एवं राहत कार्य शुरू कर दिए हैं। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें न्यू सिटी कॉलोनी, वीआईपी कॉलोनी, बूढ़े बालाजी सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर घर-घर सर्वे कर रही हैं। सर्वे के माध्यम से नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

### सिवनी मालवा के ग्राम भरलाय के हाई स्कूल का कमिश्नर ने किया नरीक्षण

# बेहतर रखरखाव और शैक्षणिक स्तर सुधारने के निर्देश

**सिवनी/मालवा। दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी सिवनी मालवा के ग्राम भरलाय के शासकीय नवीन हाई स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने शिक्षक उपस्थिति रजिस्टर , विद्यार्थी उपस्थिति पंजी, निरीक्षण पंजी एवं अन्य पंजीयन का अवलोकन किया। उपस्थित शिक्षकों द्वारा हमारे शिक्षक एप में उपस्थित की एंट्री न करने पर सख्त नाराजगी जाहिर की। साथ ही अवकाश के आवेदनों का निरीक्षण करते समय प्राचार्य द्वारा अवकाश आवेदनों पर कोई मार्क न किए जाने पर भी सख्त नाराज़गी जाहिर की और उन्हें हिदायत दी की अवकाश रजिस्टरों का संधारण, अवकाश आवेदनों का संधारण अवकाश पंजी में व्यवस्थित रूप से करें। सभी रजिस्टर में प्रमाणीकरण अवश्य करें। उन्होंने प्राचार्य को निर्देश दिए कि वह अनुपस्थित छात्र-छात्राओं से प्रतिदिन संपर्क कर उन्हें शाला आने के लिए प्रेरित करें एवं अनुपस्थिति का कारण भी पूछें। कमिश्नर ने विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर उनके शैक्षणिक स्तर को जाना तथा प्राचार्य एवं शिक्षक



गण को निर्देश दिए कि वे बच्चों के शैक्षणिक स्तर को सुधारने के लिए और अधिक मेहनत करें। कमिश्नर ने विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर उनकी शैक्षणिक योग्यता को परखा और सभी विद्यार्थियों को और अधिक मेहनत एवं लगन से लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। हाई स्कूल भरलाय कक्षा 6 से कक्षा दसवीं तक संचालित है। शाला में मात्र 33 छात्र छात्राएं अध्यनरत है लेकिन इसके मान से सात शिक्षक पदस्थ हैं। कमिश्नर तिवारी ने शिक्षक उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया। बताया गया कि हमारे शिक्षक ऐप पर शिक्षकों की उपस्थिति की एंट्री की जाती है। हमारे शिक्षक एप का अवलोकन करने के बाद पाया गया कि शाला में उपस्थित प्राचार्य सहित पांच शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति की एंट्री नहीं की थी एवं एक शिक्षिका हेम प्रभा रिछारिया ने तो व्हाट्सएप पर छुट्टी की सूचना भेजी थी। इस पर कमिश्नर ने सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिए की सभी शिक्षक अपनी उपस्थिति हमारे शिक्षक ऐप पर दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

## लोक सेवा केंद्र माखननगर के विरुद्ध 1500 रुपए का जुर्माना लगाया, नोटिस भी

**नर्मदापुरम।** जिला प्रबंधक, लोक सेवा आनंद झेरवार द्वारा लोक सेवा केंद्र माखननगर का निरीक्षण किया गया और लोक सेवा केंद्र में पाई कमियों के संबंध में संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। संचालक लोक सेवा केंद्र माखननगर द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं होने के कारण विभिन्न प्रकार की कमियों की पुष्टि होती है। निर्धारित प्रावधानों के अंतर्गत लोक सेवा केंद्र का संचालन नहीं करने पर शेखर एसोसिएट, रीवा संचालक, लोक सेवा केंद्र माखननगर के विरुद्ध 1500 रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। शेखर एसोसिएट, रीवा, संचालक, लोक सेवा केंद्र माखननगर को आरोपित राशि अधिरोपित शास्ति मद में जमा कराना होगा। उक्त अर्थदंड की राशि नियत समय सीमा में जमा नहीं कराने और पुनः अनियमितता पाए जाने की स्थिति में नियमानुसार लोक सेवा केंद्र नर्मदापुरम की निविदा निरस्त की जाएगी, जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संचालक का होगा।

## मंदिर में मनाई तुलसीदास जयंती

**इटारसी।** प्रतिवर्षानुसार श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर लक्कड़गंज में गोस्वामी तुलसीदास की इस वर्ष 528 वी जयंती मनाई गई।



मुख्य आचार्य पं.विनोद दुबे ने गोस्वामी तुलसीदास के तेलचित्र पर पुष्पाहार अर्पित करते हुए अपने प्रवचन में कहा कि तुलसी के राम जग मे प्रसिध्द हो गये। आयोध्या में प्रभु श्रीराम का विशाल मंदिर बनाने के लिए श्रीराम चरित मानस का बड़ा योगदान है। पं.दुबे ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीराम चरित मानस रूपी ऐसा गंरथ दुनिया को दिया कि सभी सनातनी इसका सम्मान करते है। जिस तरह हर घर में तुलसी का पौधा होता है उसी तरह हर सनातनी के घर मे तुलसीदासजी द्वारा लिखित श्री राम चरित मानस होती है।

## विधानसभा में विधायक डॉ. शर्मा ने उठाया सड़कों और झंडा चौक आवासों का मामला

**इटारसी।** विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने गुरुवार को विधानसभा में नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र में निर्मित सड़कों की जांच और झंडा चौक में 36 एलआईजी भवनों की रजिस्ट्री नहीं होने का मामला उठाकर इनके संबंध में संबंधित मंत्रियों से जानकारी मांगी। डॉ. सीतासरन शर्मा ने लोक निर्माण मंत्री से नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र की रैसलपुर- रिधौड़ा-बम्हनगांव, रैसलपुर-पांजराकलॉ, सतरास्ता बीटीआई, ब्यावरा-रोहना, निटाया-निमसाडिया़ रोड के निर्माण की गुण गुणवत्ता की जांच सीटीई से कराने हेतु कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी सचिव (अपर मुख्य सचिव) को वर्ष 2025 में लिखे पत्र पर जानकारी मांगी। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि प्रश्नांकित पत्र को विधायक के स्थानीय कार्यालय से प्राप्त किया है।



## स्मार्ट मीटर की भ्रांतियां दूर करने इटारसी में आम सभा

**इटारसी।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आम उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभ और स्मार्ट मीटर को लेकर जन सामान्य में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए इटारसी में आज एक आम सभा का आयोजन किया किया गया। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस आम सभा में सभी व्यक्ति व उपभोक्ताओं ने शामिल होकर स्मार्ट मीटर की गणना एवं स्मार्ट मीटर लगने से होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी प्राप्त की । आम सभा में स्मार्ट मीटर से संबंधित विभिन्न प्रकार की भ्रांतियों को बिजली कंपनी के अधिकारियों द्वारा दूर किया गया ।



## राजराजेश्वरी त्रिपुर सुन्दरी एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग का किया पूजन

**सिवनी/मालवा। दोपहर मेट्रो**

श्रावण मास की शुभता और अध्यात्मिक ऊर्जाओं से ओतप्रोत वातावरण में श्रीरामजानकी राधाकृष्ण मंदिर में सप्त दिवसीय माता राजराजेश्वरी त्रिपुर सुन्दरी का पूजन, द्वादश ज्योतिर्लिंग पूजन एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का दिव्य अनुष्ठान लगातार चल रहा है। इस अलौकिक आयोजन की जानकारी देते हुए मंदिर प्रमुख और ट्रस्टी और महंत श्री अवधेश तिवारी ने बताया कि यह धार्मिक अनुष्ठान 03 अगस्त तक प्रतिदिन संपन्न होगा। इस अवधि में श्रद्धालु प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से पूजन, अभिषेक एवं हवन में भाग ले सकेंगे। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रूद्री पाठ, पूजन-अर्चन, अभिषेक एवं विशेष आरती का आयोजन होगा। अंतिम दिवस पर विसर्जन एवं महाप्रसादी का वितरण शाम 6 बजे से किया जाएगा। समाजसेवी बालकृष्ण पालीवाल ने बताया कि श्री राम जानकी मंदिर में यह आयोजन तीसरे वर्ष किया जा रहा है । उन्होंने धर्म प्रेमियों से आयोजन का लाभ लेने को कहा।



## 33 वर्षों की शासकीय सेवा के उपरांत अपर कलेक्टर डी.के. सिंह हुए सेवानिवृत्त



**नर्मदापुरम.** अपर कलेक्टर डी.के. सिंह 33 वर्षों से अधिक की शासकीय सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हुए। साथ ही जिला पंचायत के स्टेनोग्राफर विजय कुमार महतो ने भी अपने 36 वर्ष से अधिक के दीर्घ सेवाकाल के उपरांत शासकीय सेवा से विदाई ली। कलेक्टर कार्यालय में अपर कलेक्टर श्री सिंह एवं स्टेनोग्राफर मेहतो को कलेक्टर सोनिया मीना सहित कलेक्टर कार्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आत्मीय विदाई दी गई। उल्लेखनीय है कि डी.के. सिंह ने वर्ष 1992 में महा अधीक्षक भू-अभिलेख, मंदसौर के पद से शासकीय सेवा की शुरुआत की थी। उन्होंने वर्ष 1998 में महा बंदोबस्त अधिकारी, 2013 में डिप्टी कलेक्टर, 2018 में संयुक्त कलेक्टर और 2023 में अपर कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दीं। जुलाई 2023 से वे नर्मदापुरम जिले के अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। वहीं विजय कुमार महतो ने वर्ष 1988 में जनपद पंचायत नर्मदापुरम के स्टेनोग्राफर पद से शासकीय सेवा की शुरुआत की। अपने सेवाकाल के दौरान वर्ष 2000 में जनपद पंचायत पिपरिया, 2002 में जिला पंचायत नर्मदापुरम, 2012 से 2016 तक पुनः जनपद पंचायत नर्मदापुरम, 2016 से 2020 तक जिला पंचायत, 2020 से 2024 तक कलेक्टर नर्मदपुरम के स्टेनोग्राफर के पद पर कार्यरत रहे।

**मेट्रो एंकर**

### चार औद्योगिक इकाइयों के लिए सीहोर में कल होगा भूमिपूजन

# नए निवेश के साथ क्षेत्र में मिलेंगे युवाओं को रोजगार के अवसर

**सीहोर। दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दो अगस्त को सीहोर स्थित औद्योगिक क्षेत्र बड़ियाखेड़ी में लगभग 1406 करोड़ रुपये निवेश की औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम में औद्योगिक इकाइयों के लिए भूमि के आशय पत्र भी वितरित किए जाएंगे, जिससे यहां लगभग 33 करोड़ 85 लाख रुपये का निवेश होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सीहोर जिले में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देना और विकास को गति प्रदान करना है। इन



औद्योगिक इकाइयों से सीहोर जिले में 1165 रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीहोर में आयोजित कार्यक्रम में चार औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे, जिनमें वान्यावेदा ग्रानस, बारमॉल्ट मॉल्टिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सीजी पॉवर एंड इंडस्ट्रीयल सोल्यूशन लिमिटेड और श्री कृष्णा इंडस्ट्रीज शामिल है। दवा है । कि इन इकाइयों में लगभग 1406 करोड़ रुपये का निवेश होगा और 854 रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव सीहोर में आयोजित कार्यक्रम में 06 औद्योगिक इकाइयों को आशय पत्र वितरित करेंगे, जिनमें आरटीडीबी इंडस्ट्रीज, स्वाति सोनी, संजय कुमार, अमित मूंदड़ा, प्रकाश पैकेजिंग और आरना वेंचर्स शामिल है। इन इकाइयों में सीहोर जिले में लगभग 33 करोड़ 85 लाख रुपये का निवेश होगा और 311 रोजगार मिल सकेंगे।

## बाढ़ग्रस्त गांवों में समाजसेवियों ने वितरित किए खाने के पैकेट



**तेंदूखेड़ा।** ब्लाक के लगभग 18 गांव बाढ़ से प्रभावित होने से लोगों का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। समाज सेवी संस्थाएं भी खादय सामग्री के अलावा हर संभव मदद की जा रही है। खासतौर पर ग्राम झमरा एवं खमतरा जहां पर 100 प्रतिशत घरो में पानी भर गया था जिस कारण घरेलू सामग्री में सम्पूर्ण राशन, कपडे बर्बाद हो गए थे। यहां तक कि लोगों के लिए रात काटने में भी समस्या खड़ी हो गई थी। इसके अलावा प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वयं पैसो से ग्राम खमतरा एवं झमरा में 200 कम्बल, 100 साडी, 250 लीटर दूध पैकेटो के माध्यम से बच्चो को वितरित कराए हैं। इसके अलावा वन विभाग के कर्मचारियों ने भी स्वयं के पैसों से ग्राम बिलतरा, बमनौदा, टेड़ महगुंवा ग्रामो के लगभग 80 परिवारों को डेली का किराना जैसे दाल, तेल, चावल के अलावा कम्बल भी वितरण किए गए हैं। प्रशासन की राहत शाखा से 2500 लोगों के लिए खाने की व्यवस्था की गई है।

## हमले के 6 आरोपियों को 5-5 साल की सजा

**सागर।** किसान की जमीन पर फैंसिंग लगाने के विवाद पर किए गए जानलेवा हमले के मामले में न्यायालय ने आरोपियों को पांच पांच साल की सजा व अर्थ दंड से दंडित किया है। अपर सत्र न्यायाधीश प्रशांत सक्सेना की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक दीपक जैन ने की। अभियोजन के अनुसार 2 जुलाई 2022 को सुरखी थानांतर्गत ढाना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में घायल महेंद्र सिंह को लाया गया। जहां से उसे बीएमसी रेफर किया गया। घायल ने रिपोर्ट में बताया कि वह किसानी करता है। उसके खेत के पास महेश सिंह ठाकुर का भी खेत है। जिसने उसके खेत की कुछ जमीन पहले से दबा रखी है। जमीन पर फेंसिंग कर ली है। जिससे निकलने का रास्ता बंद हो गया है। इसी बात पर महेन्द्र सिंह पर हमला कर दिया। आरोपी यशपाल, महेश सिंह, इन्द्रजीत सिंह, हल्ले भाई उर्फ कृष्णा, मुकेश सिंह तथा कपिल घातक हथियार लेकर आए और महेंद्र सिंह पर हमला कर घायल कर दिया था।

### छिंदवाड़ा के कोलाढ़ाना में दर्दनाक हादसा: एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर निकाले शव

# दोस्तों के साथ नहाने गए दो किशोर गहराई में डूबे, मातम के साथ लोगों का प्रशासन पर गुस्सा

**छिंदवाड़ा के कोलाढ़ाना में दो किशोरों की नहाते समय गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। दर्दनाक घटना एक निजी कॉलेज के पीछे हुई। एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू करते हुए शव निकाले। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। साथ ही प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया गया।**



**छिंदवाड़ा। दोपहर मेट्रो**

शहर से लगे नागपुर रोड स्थित एक निजी कॉलेज के पीछे कोलाढ़ाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया। यहां पर दोस्तों के साथ नहाने गए दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर हड़कंप मच गया। पुलिस और रेस्क्यू टीम तुरंत मौके पर पहुंची। घटना के बाद रहवासियों में रोष फैल गया।

कोतवाली टीआई आशीष धुर्वे ने बताया कि स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन में पहले एक किशोर का शव बरामद किया गया। इसके कुछ देर बाद दूसरे किशोर का भी शव पानी से निकाल लिया गया। दोनों की मौत से पूरे इलाके में मातम पसर गया है। मृतकों की पहचान पहाड़े कालोनी निवासी देव उर्फ देशात पिता राजकुमार चौरसिया (15) और फनी पिता बीए वर्मा (14) के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद तत्काल रेस्क्यू चलाया गया। लेकिन इनकी जान नहीं बची। उनके शवों को बाहर निकाला गया। वहीं, उन्हें मॉर्चुरी रूम में रखा गया है।

### घटना को लेकर लोगों में गम और आक्रोश

इस दर्दनाक घटना से कोलाढ़ाना और गुलाबरा क्षेत्र में शोक की लहर है। लोग इस बात से दुखी हैं कि बारिश के मौसम में भी स्थानीय प्रशासन लापरवाही दिखा रहा है। साथ ही ऐसे खतरनाक स्थलों पर कोई चेतावनी बोर्ड या सुरक्षा प्रबंध नहीं किए गए थे।

### ग्रामीणों ने बताया- गहरे पानी में जाने से हुआ हादसा

मृतकों के साथ नदी में नहाने गए युवकों ने बताया कि उनके दोस्त सीवरेज के पास गहराई में चल गए थे। इसके कारण यह हादसा हुआ और वह उन्हें बचा नहीं सके। इसके बाद सभी ने शोर मचाते हुए आसपास के ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने पुलिस को सूचना दी तब कहीं रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची।

### आबकारी विभाग की कार्रवाई

## तीन लाख से ज्यादा की अवैध शराब जब्त



**सागर।** आबकारी विभाग ने दबिश देकर तीन लाख से ज्यादा की अवैध शराब जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार विभागीय अधिकारियों ने आज तिगोड़ा हीरापुर रोड चौकी हीरापुर, नहर के पास ग्राम- अमरमऊ, शाहगढ़ के वार्ड 15 कुचबन्दिया बस्ती पर आकस्मिक दबिश देकर 3 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये है जिसमें 40 ली. हाथभट्टी कच्ची मदिरा एवं लगभग 3250 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद की है। ग्राम- अदावन थाना बरायठा क्षेत्र में दबिश देकर 10 पाव सन्नी व्हिस्की, 20 पाव जिप्सी जिन एवं 3 कैन हंटर बीयर बरामद की है। जप्तशुदा मदिरा की कीमत लगभग 3,37,080 रुपए है।

### विधायक ने विधानसभा में उठाया मामला, उच्चस्तरीय जांच की मांग

# मकरोनिया में सड़क किनारे स्थापित किए निजी विद्युत ट्रांसफॉर्मर से हो रही परेशानी

**सागर। दोपहर मेट्रो**

नरयावली विधानसभा के मकरोनिया क्षेत्र में सरकारी भूमि पर शासकीय व निजी ट्रांसफार्मर सड़क किनारे लगाए गए हैं। इन्हें निजी विद्युत ट्रांसफॉर्मर स्थापित करते समय विभाग या कार्य एजेंसी ने शासकीय भूमि या सड़क मार्ग पर स्थापित कर दिया है। इससे अतिक्रमण को प्रोत्साहन मिल रहा है। सड़क मार्ग में



आवागमन में आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग द्वारा इसकी उच्च स्तरीय जांच कराने का मामला विधायक प्रदीप लारिया ने विधानसभा में उठाया है। इसके अलावा उन्होंने संदीपनी विद्यालय का भवन निर्माण न होने से करीब 500 छात्राओं का प्रवेश नहीं होने का मामला



भी उठाया। विधायक लारिया ने नपा से पूछा है मकरोनिया क्षेत्र में कितने विद्युत ट्रांसफॉर्मर शासकीय एवं निजी कहां-कहां स्थापित किये गये हैं। निजी विद्युत ट्रांसफॉर्मर स्वीकृत कराने के लिए प्रावधानों का पालन किया गया कि नहीं और निजी विद्युत ट्रांसफॉर्मर स्थापित करते समय विभाग या कार्य एजेंसी ने शासकीय भूमि या सड़क मार्ग पर स्थापित कर दिये हैं, इससे अतिक्रमण को प्रोत्साहन एवं सड़क मार्ग में आवागमन में आमजनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग द्वारा इसकी उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की। विधायक लारिया ने शून्यकाल में संदीपनी विद्यालय, नरयावली के भवन का मामला उठाया जो कई वर्षों से निर्माणाधीन है। जिस कारण से विद्यालय पूर्व के भवन में शासकीय स्कूल में संचालित हो रहा है। जिस कारण से विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अध्ययन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय में नये प्रवेश के लिए नवीन भवन शीघ्र पूर्ण न होने के कारण छात्र-छात्राओं को संदीपनी विद्यालय में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। जिससे लगभग 500 छात्र-छात्रायें प्रवेश के लिए प्रतीक्षारत है। उन्होंने नगर पंचायत कर्रापुर के वार्डों में पेयजल आपूर्ति के लिए स्थाई पेयजल स्त्रोत स्वीकृत कराये जाने की बात रखी।

## मंदसौर नारकोटिक्स विंग पुलिस की कस्टडी में हुई थी आरोपी की मौत

**मंदसौर।** जिले में बीते दिनों नारकोटिक्स विंग पुलिस की कस्टडी में आरोपी महिपाल सिंह की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। जिसमें सामने आया कि महिपाल की मौत जहर से हुई है। यह रिपोर्ट परिवारजनों को वायडीनगर पुलिस ने सौंपी है। जिसके बाद परिवारजनों ने पुलिस नारकोटिक्स विंग के अधिकारियों पर जहर देकर मारने का आरोप लगाया है।

**पीएम में जहर का खुलासा**

अभिरक्षा में मौत के चलते इसकी न्यायिक जांच चल रही है। मृतक महिपाल सिंह के काका जुझार सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त हुई है। उसमें जहर से मौत होना बताया गया है। सबसे बड़ा प्रश्न तो यह है कि पुलिस कस्टडी में जहर कहां से आया। इन अधिकारियों ने ही खाने में या किसी अन्य तरीके से महिपाल को जहर दिया है। राकेश चौधरी और भरत चावड़ा को निलंबित नहीं किया गया। इस तरह से कई प्रकार के सवाल उपज रहे हो और मिलीभगत की बात सामने आ रही है।

## सिंहस्थ क्षेत्र में सिक्सलेन के विरोध में सड़क पर उतरे लोग

**उज्जैन के पीपली नाका से भैरवगढ़ जेल तक के मार्ग का मामला**

**उज्जैन। दोपहर मेट्रो**

सिंहस्थ के आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में सिंहस्थ क्षेत्र से जुड़ी एक और योजना का जनविरोध शुरू हो गया है। उज्जैन के पीपली नाका से भैरवगढ़ जेल तक मार्ग को सिक्सलेन बनाने पर क्षेत्रवासी सहमत नहीं है। उन्होंने इसका विरोध करते हुए मार्ग को फोरलेन बनाने की मांग की है। पीपली नाका से भैरवगढ़ जेल व ओखलेश्वर तक मार्ग को सिक्सलेन करने की योजना है। इसको लेकर यूडीए ने टेंडर भी जारी कर दिए हैं। इधर योजना के विरोध में प्रभावित क्षेत्रवासी सड़क पर उतर गए हैं।

सड़क पर उतरे रहवासी, कहा- घर



उजड़वाकर नहीं चाहिए विकास बड़ी संख्या में रहवासी क्षेत्र में जमा हुए और मार्ग को सिक्सलेन करने पर आपत्ति जताई। रहवासियों का कहना था कि वे विकास व चौड़ीकरण कार्य का विरोध नहीं कर रहे हैं लेकिन इसे सिक्सलेन न बनाया जाए। यदि मार्ग को सिक्सलेन किया गया तो अधिकांश रहवासियों के घर-दुकान पूरी तरह टूट जाएंगे और वे बेघर-बेरोजगार हो जाएंगे। प्रदर्शन के दौरान रहवासियों ने मुयमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इससे पहले, वे सांसदों, विधायकों, अखाड़ों के साधु-संतों से भी गुहार लगा चुके हैं।

## मैहर में ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दो की मौत

**मैहर। दोपहर मेट्रो**

जिले के मैहर-बरही मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। यह हादसा उस समय हुआ जब सीमेंट ईंटों से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली भदनपुर घाटी से उतरते वक्त अनियंत्रित होकर पलट गया। तेज रफ्तार और ढलान की वजह से वाहन पर ड्राइवर का नियंत्रण छूट गया। पूरी ट्रॉली पलटते ही दो लोगों की जान चली गई।

जानकारी मुताबिक ट्रैक्टर मैहर से सीमेंट की ईंटें लादकर भदनपुर होते हुए बंधी गांव की ओर जा रहा था। जैसे ही ट्रैक्टर भदनपुर घाटी पर पहुंचा, ढलान के दौरान ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया। लोडेड ट्रैक्टर ट्रॉली समेत सड़क किनारे पलट गया। हादसा इतना भयानक था कि दोनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। कुछ लोगों ने घायलों को निकालने की कोशिश की लेकिन दोनों की मौके पर ही सांसें थम चुकी थी। इसके बाद पुलिस ने क्रेन बुलाकर पलटे हुए ट्रैक्टर और



ट्रॉली को सीधा कराया और शवों को बाहर निकाला। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान संजू कोल निवासी सतना और रामकथि कोल निवासी बंधी थाना बदेरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों सीमेंट की ईंटें लेकर सतना से अपने गांव बंधी लौट रहे थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही मामले की जांच में जुटी है।

## दो दिन पहले नदी में बही गर्भवती महिला का शव 48 घंटे बाद मिला

**सागर। दोपहर मेट्रो**

दो दिन पहले रामघाट नदी में बही गर्भवती महिला का शव 48 घंटे बाद जबलपुर से आई एनडीआरएफ टीम ने बरामद कर लिया है। देवरीकला के ग्राम मणि जमुनिया निवासी वंदना पति दशरथ साहू व ननद के साथ नागपंचमी पर रामघाट मंदिर में पूजन करने आई थी। नदी में बहाव अधिक और पानी रपटे के ऊपर से बह रहा था। महिला रपटे को पार करने लगी। इस दौरान तेज बहाव में महिला बह गई। जबकि दशरथ और उसकी बहिन सुरक्षित बाहर निकल निकल आए। एसडीआरएफ और पुलिस प्रशासन महिला की तलाश करते रहे। सर्चिंग के दौरान महिला का शव ग्राम पचासिया के नजदीक नदी में झाड़ियां के बीच फंसा मिला। एसडीएम मुनव्वर खान ने बताया कि पुल पार करते समय वंदना नदी के तेज बहाव में बह गई थी, जिसे पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने तलाश किया लेकिन सफलता नहीं मिली। पचासिया के पास महिला का शव बरामद किया।

### मेट्रो एंकर | प्रेरणादायी पहल: वर्तमान में जिले में 36 पेट्रोल पंपों पर 57 महिलाओं ने संभाल रखी है कमान

# 'शक्ति दीदियों' ने संभाली पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलीवरी की जिम्मेदारी

**ग्वालियर। दोपहर मेट्रो**

जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में शक्ति दीदी के नाम से प्रेरणादायी पहल हुई है। इस पहल के तहत जरूरतमंद महिलाओं को पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में जिला प्रशासन द्वारा नौकरी दिलाई जा रही है। आज ÷शक्ति दीदी÷ पहल के तहत सात जरूरतमंद महिलाओं को फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी दी गई। ज्ञात हो कि शक्ति दीदी के तहत पहले से ही शहर में 57 महिलाएं यह भूमिका सफलतापूर्वक निभा रही हैं।



कलेक्टर रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पहुँचकर महिलाओं को शक्ति दीदी के रूप में फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी दिलाई। महिला फ्यूल वर्कर के रूप में तैनात शक्ति दीदी की ड्यूटी का समय सुबह 9 बजे से सायंकाल पांच बजे तक रहेगी। कार्यक्रम के तहत कलेक्टर ने सुबह 11 बजे बजे इन्द्रप्रस्थ फिलिंग स्टेशन गोले का मंदिर पर छाया, कल्पना भदौरिया व कृष्णा शर्मा को फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी सौंपी। इसी तरह एसडीएम अतुल सिंह ने सरोज फ्यूल शॉपी विक्की फैक्ट्री तिराहा पर पूजा विश्वकर्मा को, संयुक्त कलेक्टर डीएन सिंह सेठ रतिलाल बेचारदास पम्प फूलबाग पर आरती को, संयुक्त कलेक्टर वंदना जैन विवेक ऑटोमोबाइल साईं बाबा मंदिर रोड फूलबाग पर शिवानी बाथम को एवं एसडीएम अशोक चौहान रामजानकी फ्यूल गदाईपुरा मुरैना रोड पर नीतू को शक्ति दीदी के तहत फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी सौंपी। बताया गया है की भविष्य में भी अन्य दीदियों को फ्यूल डिलीवरी के लिए तैनात किया जाएगा।

## धनश्री वर्मा से तलाक पर युजवेंद्र चहल ने तोड़ी चुप्पी

# जिंदगी से थक गया, सुसाइड करना चाहता था



नई दिल्ली,, एजेंसी

भारत क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा का इस साल मार्च में तलाक हो गया था। अब चहल ने धनश्री वर्मा से तलाक पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। इस शादी में क्या-क्या गड़बड़ियां हुई, चहल ने इस बारे में खुलकर बात की। युजवेंद्र चहल ने कहा कि जब इस साल की शुरुआत में उनपर धोखाधड़ी के आरोप लगे थे और तलाक की अफवाहें तेज हो गई थीं, तो वो मानसिक तनाव से गुजरे। युजवेंद्र चहल ने कहा कि उनके मन में आत्महत्या के ख्याल आने लगे थे। चहल ने राज शमानी के यूट्यूब चैनल पर कहा, यह काफी समय से चल रहा था। हमने तय किया कि जब तक उस स्थिति में नहीं पहुंचेंगे जहां से वापसी संभव न हो, हम कुछ नहीं कहेंगे। हम सोशल मीडिया पर एक सामान्य कपल की तरह ही रहेंगे। जब युजवेंद्र चहल से पूछा गया कि क्या उस वक्त वो सिर्फ दिखावा कर रहे थे, तो इस स्पिन गेंदबाज ने सिर हिलाकर हामी भरी। युजवेंद्र चहल कहते हैं, रिश्ता एक समझौते की तरह होता है। अगर एक नाराज होता है, तो दूसरे को सुनना पड़ता है। कभी-कभी दो लोगों का नेचर आपस में मेल नहीं खाता। मैं इंडिया के लिए खेल रहा था, वह भी अपना काम कर रही थी। यह 1-2 साल से चल रहा था।

### हर किसी की अपनी जिंदगी होती है

युजवेंद्र चहल ने कहा, मैं इधर भी टाइम दे रहा था, उधर भी, पर रिश्ते के बारे में सोचने का वक्त ही नहीं बचा। और फिर हर दिन लगता था कि छोड़ो, रहने देते हैं। हर किसी की अपनी ज़िंदगी होती है और अपने लक्ष्य होते हैं। एक पार्टनर के तौर पर आपको साथ देना होता है। युजवेंद्र चहल ने बताया, जब मेरा तलाक हुआ, लोगों ने मुझे धोखेबाज कहा। लेकिन मैंने जिंदगी में कभी किसी को धोखा नहीं दिया। मेरी दो बहनें हैं, और मैंने महिलाओं का सम्मान करना अपने माता-पिता से सीखा है। यह जरूरी नहीं है कि अगर मेरा नाम किसी के साथ जोड़ा जा रहा है, तो लोग व्यूज के लिए उसके बारे में कुछ भी लिखें।

### क्रिकेट से ब्रेक लेना चाहते थे चहल

युजवेंद्र चहल ने भावुक होते हुए कहा, मेरे मन में आत्महत्या के विचार आते थे, अपनी जिंदगी से थक चुका था। मैं 2 घंटे रोता था, बस 2 घंटे सोता था। ऐसा 40-45 दिनों तक चला। मैं क्रिकेट से ब्रेक चाहता था। मैं क्रिकेट में इतना व्यस्त था कि ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहा था। मैंने अपने दोस्त के साथ इन चीजों को शेयर किया। युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा के तलाक पर फैसला 20 मार्च 2025 को मुंबई के बांद्रा हाईकोर्ट में आया था। चहल और धनश्री ने लंबे समय तक डेटिंग के बाद 22 दिसंबर 2020 को शादी की थी। चहल काफी समय से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। चहल ने भारत के लिए अपना आखिरी मुकाबला जनवरी 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था।

## ओवल टेस्ट का पहला दिन : शुभमन गिल से रन लेने में हुआ ब्लंडर

# एटकिंसन को गिफ्ट कर दिया अपना विकेट, गौतम गंभीर भी हुए नाराज

### भारत की नहीं रही अच्छी शुरुआत, सस्ते में यशस्वी और केएल राहुल

लंदन, एजेंसी

**भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला लंदन के ओवल क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा है। इस मुकाबले में भारतीय टीम टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी। भारतीय टीम की पहली परी में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 83 रनों के स्कोर तक अपने तीन विकेट खो दिए।**

सबसे पहले सलामी यशस्वी जायसवाल 2 रन बनाकर तेज गेंदबाज गस एटकिंसन का शिकार बने। इसके बाद इन फॉर्म बल्लेबाज केएल राहुल को क्रिस वोक्स ने बोल्ड कर दिया। केएल राहुल 14 रन ही बना पाए। भारतीय कप्तान शुभमन गिल से बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन वो दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हुए। शुभमन गिल 1 रन लेने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। गिल एक ऐसे रन के लिए दौड़ पड़े, जो निश्चित रूप से वहां था ही नहीं। उन्होंने पारी के 28वें ओवर में गस एटकिंसन की दूसरी गेंद को शॉर्ट कवर की ओर डिफेंड किया। बॉल गस एटकिंसन से ज्यादा दूर नहीं थी। एटकिंसन तेजी से बाईं ओर गए और गेंद को हाथों में लेकर स्ट्राइकर एंड पर मारा। एटकिंसन का निशाना इतना सटीक था कि शुभमन क्रीज से काफी दूर रह गए।



### गौतम गंभीर हुए खफा

साथी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने अपने कप्तान को रोकने की कोशिश की, लेकिन शुभम गिल पूरी तरह से गलत आकलन कर बैठे। हालांकि साई सुदर्शन ने भी एक कदम आगे बढ़ाया, लेकिन रन आउट में पूरा दोष कप्तान का ही था। डग आउट में मौजूद भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर भी शुभमन गिल से काफी खफा नजर आए। शुभमन गिल ने 35 गेंदों पर 21 रन बनाए, जिसमें चार चौके शामिल रहे। यह दूसरी बार है जब शुभमन गिल टेस्ट मैचों में रन आउट हुए हैं। पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट टेस्ट में भी शुभमन रन आउट हुए थे। शुभमन गिल के पास बड़ी पारी खेलने का बेहतरीन मौका था, लेकिन उन्होंने एक तरह से इंग्लिश टीम को अपना विकेट गिफ्ट कर दिया।

## मुझे नहीं पता गंभीर नाखुश क्यों थे : बोले सौरव गांगुली

**कोलकाता ।** द ओवल में भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां टेस्ट गुरुवार से शुरू हो गया। इस टेस्ट की शुरुआत से पहले भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर की पिच क्यूरेटर के साथ बहस हुई थी। भारतीय टीम के सफलतम कप्तानों में से एक सौरव गांगुली ने कहा है कि मुझे नहीं पता कि गंभीर नाखुश क्यों थे। मीडिया से बात करते हुए सौरव गांगुली ने कहा कि मुझे नहीं पता कि गंभीर क्यों नाखुश थे। सभी कप्तान और कोचों की ग्राउंड्स मैन के साथ चर्चा होती रहती है। मेरे समय में भी यह हुआ और आगे भी होता रहेगा। चर्चा कभी खुशनुमा माहौल में होती है, तो कभी गुस्से में। इसको बहुत बड़ा मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए। पांचवां टेस्ट गुरुवार से शुरू हो गया है। भारतीय टीम को मैच जीतकर सीरीज को बराबर करने की कोशिश करनी चाहिए। कुलदीप यादव को प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किए जाने पर गांगुली ने कहा, इंग्लैंड चार तेज गेंदबाजों के साथ खेल रहा है। इसका मतलब है कि पिच पर घास है, जो तेज गेंदबाजों को सपोर्ट करेगी। भारत के पास स्पिनर के रूप में पहले से ही जडेजा और सुंदर मौजूद हैं। इस वजह से तीसरे स्पिनर की जरूरत महसूस नहीं हुई होगी। लेकिन, मुझे लगता है कि पिछले तीन टेस्ट मैचों में कुलदीप को मौका दिया जाना चाहिए था। गांगुली ने कहा कि बिना अच्छे स्पिनर के किसी भी विपक्षी टीम को पांचवें दिन आउट नहीं किया जा सकता। ओल्ड ट्रैफर्ड में भारतीय टीम को पांचवें दिन इंग्लैंड इसीलिए ऑल आउट नहीं कर सकी।



## राष्ट्रमंडल युवा खेल- 2027 माल्टा में आयोजित होंगे

# खेलों के महाकुंभ में 74 देशों और क्षेत्रों के 14 से 18 वर्ष की आयु के एथलीट दिखाएंगे जौहर

नई दिल्ली,, एजेंसी

राष्ट्रमंडल युवा खेल- 2027 की मेजबानी माल्टा में होगी। यह युवा राष्ट्रमंडल खेलों का आठवां संस्करण है। खेलों के इस महाकुंभ में 74 देशों और क्षेत्रों के 14 से 18 वर्ष की आयु के 1,000 से अधिक एथलीटों के आठ खेलों में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने एक रिलीज में कहा, यह आयोजन युवा खेलों को छोटे और द्वीपीय देशों तक ले जाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। माल्टा में विश्वस्तरीय सुविधाएं हैं, जिनमें माल्टा और गोजो द्वीपों के चार मुख्य समूहों में आयोजन स्थल शामिल हैं। होटलों का उपयोग दो एथलीट विलेज बनाने के लिए किया जाएगा। प्रत्येक द्वीप पर एक खेल विलेज होगा। खेल कार्यक्रम में आठ खेल शामिल होंगे। नौकायन और वाटर पोलो को पहली बार शामिल किया गया है। इसके अलावा एथलेटिक्स, पैरा एथलेटिक्स, नेटबॉल, स्क्वैश, तैराकी, पैरा तैराकी, ट्रायथलॉन और भारोत्तोलन शामिल हैं।



### आकर्षक बनाया जा रहा आयोजन स्थलों को

यह विशिष्ट कार्यक्रम स्थानीय और कॉमनवेल्थ युवाओं के आकर्षण को अधिकतम करने और मौजूदा अत्याधुनिक आयोजन स्थलों का उपयोग करने के लिए डिजाइन किया गया है। राष्ट्रमंडल युवा खेल 2027 में पहली बार पैरा तैराकी को शामिल किया जाएगा। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के अध्यक्ष डॉ. डोनाल्ड रुकारे ने कहा, हम 2027 में माल्टा में कॉमनवेल्थ यूथ गेम्स आयोजित करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट माल्टा और माल्टा सरकार को उनकी प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता के लिए धन्यवाद देते हैं। माल्टा का एथलीट-प्रथम प्रस्ताव, विश्व स्तरीय सुविधाएं और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी का सिद्ध अनुभव इसे एक आदर्श मेजबान बनाता है। हम 2027 में माल्टा के खूबसूरत द्वीप पर आने के लिए उत्सुक हैं।

## असफलता के समय माता-पिता का साथ सबसे अहम : दिव्या

**नागपुर ।** फिडे महिला चेस वर्ल्ड कप (एफआईडीई 2025) जीतकर इतिहास रचने वाली दिव्या देशमुख ने कहा है कि माता-पिता को असफलता के समय अपने बच्चों का समर्थन करना चाहिए। दिव्या देशमुख ने कहा, फिडे 2025 में जीत हासिल करने के बाद मैं बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। मुझे यह विश्वास करने में समय लगा कि मैं जीत गई हूं। मेरा सफर आसान नहीं रहा है। इस यात्रा में बहुत लोगों का योगदान रहा है। अपनी सफलता का श्रेय मैं माता-पिता, परिवार और अपने पहले कोच राहुल जोशी को देना चाहूंगी।



दिव्या देशमुख ने कहा कि चेस बहुत ही जटिल खेल है। मुझे इसे पहचानने में समय लगा। अगर कोई इस खेल में रुचि रखता है, तो उनके माता-पिता को दिल से समर्थन करना चाहिए। खासकर, असफलता के समय माता-पिता को अपने बच्चों का समर्थन करना चाहिए। खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। यह हमें मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है। इसलिए खिलाड़ियों के लिए समर्थन जरूरी है। 19 साल की दिव्या देशमुख ने फिडे महिला चेस वर्ल्ड कप (फिडे 2025) जीतकर इतिहास रचा। वह इस प्रतिष्ठित खिताब को जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। बाकू में हुए ऑल-इंडियन फाइनल में दिव्या ने कोनेरू हम्पी को रैपिड टाई-ब्रेक में 1.5-0.5 से हराकर खिताब जीता था। कोनेरू हम्पी एक दिग्गज खिलाड़ी हैं, लेकिन दिव्या ने फाइनल में उनकी चमक फीकी करते हुए खिताब अपने नाम किया।

**मनोरंजन**

**बॉलीवुड का कोना**



## शेट्टी ने जैकी की तारीफ करते हुए कहा- वो एक शानदार और नेचुरल एक्टर

मुंबई। अभिनेता सुनील शेट्टी अपनी हालिया रिलीज वेब सीरीज हंटर सीजन-2 के को-एक्टर जैकी श्रॉफ की जमकर तारीफ करते नजर आए। सुनील ने जैकी को शानदार अभिनेता बताया साथ ही कहा कि उनकी आवाज और स्क्रीन पर उपस्थिति बेमिसाल है। सुनील ने जैकी के साथ काम करने के अनुभव को साझा करते हुए कहा, जग्गू दादा को कई अभिनेता पसंद करते आए हैं और मैं खुद उनका बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं। उनके साथ एक्शन सीन में मुकाबला करना मेरे लिए चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि मुझे अपनी दोस्ती को भूलकर सिर्फ अपने किरदार पर फोकस करना पड़ा।

उन्होंने आगे कहा, दादा एक शानदार और नेचुरल अभिनेता हैं। उनकी आवाज, अंदाज, और स्क्रीन पर मौजूदगी बहुत कमाल है, जिसका मुकाबला करना आसान नहीं है, चाहे वो सिर्फ पर्दे पर ही क्यों न हो। लेकिन, मेरा मानना है कि जब आप किसी बेहतरीन कलाकार के साथ काम करते हैं, तो आप भी अपना बेहतरीन परफॉर्मेंस ही देते हैं। एक्शन से भरपूर इस वेब सीरीज के दूसरे सीजन में, सुनील शेट्टी विक्रम सिन्हा का किरदार निभा रहे हैं, जो एक सस्पेंडेड स्पेशल इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर हैं। सीजन में विक्रम अपनी बेटी को सेल्समैन (जैकी श्रॉफ) से बचाने की जद्दोजहद में जुटे हैं। हाल ही में, सुनील शेट्टी ने बताया कि उन्होंने सीरीज हंटर सीजन-2 में अपने किरदार के लिए खास मेहनत की है।

# खुशी, उत्साह और घबराहट धड़क 2 के रिलीज के पहले तृप्ति डिमरी ने बताई हालत

तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक फिल्म धड़क 2 शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म के रिलीज से पहले तृप्ति ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल नोट पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अपनी भावनाओं का इजहार करते हुए बताया कि इस खास मौके पर उनका दिल खुशी, उत्साह और घबराहट से भरा हुआ है। तृप्ति ने बताया कि यह फिल्म उनके लिए बहुत अहम है और इसे लेकर वह कई तरह की भावनाओं का अनुभव कर रही हैं। तृप्ति ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, अब वक्त करीब है, धड़क 2 अब आपके पास आने वाली है और मैं एक साथ बहुत सारी भावनाएं महसूस कर रही हूं। खुशी, उत्साह और घबराहट।



उन्होंने बताया कि उनका किरदार विधि उनके दिल के बेहद करीब हो गया है। उन्होंने कहा, विधि की कहानी, उसका प्यार, उसकी उलझन और हिम्मत ने मुझे अंदर से बदल दिया है। मुझे पूरा भरोसा है कि दर्शक भी इस किरदार से जुड़ाव महसूस करेंगे। मेरे लिए यह किरदार भावुक और गहरा अनुभव रहा। तृप्ति ने उम्मीद जताई कि फिल्म दर्शकों के दिल और दिमाग पर अलग छाप छोड़कर जाएगी। उन्होंने सभी से सिनेमाघरों में इस फिल्म को देखने की अपील की। हाल ही में एक इंटरव्यू में जब उनसे पूछा कि उन्हें इस फिल्म में क्या खास बात लगी, तो एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें सबसे ज्यादा कहानी का भावुक पहलू और अपने किरदार की जटिलता ने आकर्षित किया।

### मेरे मन में उठे थे कई सवाल

तृप्ति ने कहा, जब मैंने पहली बार शाजिया से कहानी सुनी थी, तो मेरे मन में कई सवाल उठे, सिर्फ फिल्म के बारे में ही नहीं, बल्कि किरदारों के बारे में भी। मुझे कहानी से गहरा जुड़ाव महसूस हुआ। घर पर भी मैं बार-बार उस कहानी, उस दुनिया और खासकर विधि के किरदार के बारे में सोचती रही, मैं यही किरदार निभा रही हूं। ये सब सवाल मेरे मन में चल रहे थे। मुझे एहसास हुआ कि यह एक अहम किरदार है, इसे करना सही फैसला होगा, इसकी कहानी को लोगों तक पहुंचाया जाना चाहिए। शाजिया इकबाल के निर्देशन में बनी फिल्म धड़क 2 2018 की हिट फिल्म धड़क का सीक्वल है। पहली फिल्म में ईशान खट्टर और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में थे। धड़क 2 एक अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



**मेट्रो बाजार**

## फोनपे ने मर्चेंट इकोसिस्टम को सशक्त बनाने के लिए ऑफलाइन पार्टनर प्रोग्राम किया लॉन्च

**नई दिल्ली ।** फोनपे ने अपने ऑफलाइन पार्टनर प्रोग्राम के लॉन्च की घोषणा की। यह एक रणनीतिक पहल है, जिसे सर्विस प्रोवाइडर्स के माध्यम से भारत के मर्चेंट इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह व्यापारियों को कस्टमाइज्ड रेफरल कमीशन प्रदान करता है। यह प्रोग्राम पॉइंट ऑफ सेल बिलिंग सॉफ्टवेयर, एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग सॉफ्टवेयर, वेंडिंग मशीन और सेल्फ-सर्विंग कियोस्क प्रदान करने वाले सर्विस प्रोवाइडर्स को फोनपे के इंटीग्रेटेड सॉल्यूशन को उनके ग्राहकों को रेफर करने और कस्टमाइज्ड कमीशन अर्जित करने में सक्षम बनाता है।इस प्रोग्राम में शामिल होने वाले सर्विस प्रोवाइडर्स अपने क्लाइंट को संपूर्ण बिलिंग और इंटीग्रेटेड पेमेंट सॉल्यूशन ऑफर कर सकते हैं, जिससे वे खुद को ऐसे विकास भागीदार के रूप में स्थापित कर सकते हैं, जो उनकी परिचालन आवश्यकताओं को समझते हैं। यह पेयरिंग उनके मर्चेंट्स को पेमेंट मैनेजमेंट को सरल बनाने में मदद करेगी, जिससे स्टोर संचालन बहुत आसान हो जाएगा। यह एक व्यावसायिक सहयोगी के रूप में पार्टनर की विश्वसनीयता बढ़ाने में भी भूमिका निभाएगा।मर्चेंट अपने बिलिंग सॉफ्टवेयर के साथ फोनपे के इंटीग्रेटेड सॉल्यूशन का इस्तेमाल कुछ ही घंटों में शुरू कर सकते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वे अपने ग्राहकों को एक सहज भुगतान अनुभव प्रदान करें।

## अंबुजा सीमेंट्स का मुनाफा पहली तिमाही में 24 प्रतिशत बढ़कर 970 करोड़ रहा

**नई दिल्ली ।** अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने गुरुवार को वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के नतीजे पेश किए। अप्रैल-जून अवधि में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़कर 970 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में 783 करोड़ रुपए पर था। इस दौरान कंपनी की आय भी सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 10,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गई है।




कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही की शुरुआत काफी अच्छी रही है। इस दौरान कंपनी की बिक्री 18.4 मिलियन टन (एमटी) रही है, जो अब तक का सबसे उच्चतम स्तर है। समीक्षा अवधि में कंपनी का तिमाही ईबीआईटीडीए सालाना आधार पर 53 प्रतिशत बढ़कर 1,961 करोड़ रुपए हो गया है। अंबुजा सीमेंट्स ने आगे बताया कि कंपनी की मौजूदा क्षमता 104.5 मिलियन टन प्रति वर्ष है, जो कि मार्च 2026 तक बढ़कर 118 मिलियन टन प्रति वर्ष पहुंच जाएगी। अंबुजा सीमेंट्स के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ विनोद बहेटी ने कहा, हमारी पहली तिमाही के नतीजे सिर्फ आंकड़ों से कहीं बढ़कर हैं, ये एक वाइब्रेंट मूड, गति, पैमाने और स्थिरता की एक परिवर्तनकारी कहानी को दर्शाते हैं। हम प्रमुख बाजारों में मूल्य, व्यवसाय अनुकूल, समाधान-केंद्रित प्रीमियम उत्पादों, पुनर्जीवित आपूर्ति श्रृंखला और बेहतर ब्रांड प्रभाव पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसमें अर्जित संपत्तियों से मूल्य संवर्धन भी शामिल है।

